सुप्रभात
रांची, मंगलवार
21.03.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



epaper.khabarmantra.net चैत्र, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 245

12 हमारी साझेदारी अंतरराष्ट्रीय कानून के प्रति सम्मान पर आधारित : मोदी



[illegible]

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार
PRNO 293192 (IPRD) 22-23

सुप्रभात
रांची, मंगलवार
21.03.2023
नगर संस्करण | पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



epaper.khabarmantra.net चैत्र, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, संवत 2079 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 10 | अंक : 245

12 हमारी साझेदारी अंतरराष्ट्रीय कानून के प्रति सम्मान पर आधारित : मोदी

B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
ESTD : 2007
BACET
Flagship Courses :
B.Tech, BBA, BCA
Seat Booking Open for 2023
WHY CHOOSE US?
•Consistent Placement over 95%
•Bank Education Loan Facility.
•Scholarship upto 1 Crore.
•Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up Initiatives.
•Thrust on Research & Development.
•Skill-Based Education aligned with Industry needs.
Contact us for Seat Booking on:
9955339035, 7982054031, 0657-2442533
www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in
City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001

# 80 उत्कृष्ट स्कूलों के विद्यार्थियों को क्वालिटी एजुकेशन जल्द : हेमंत

खेलगांव में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा प्रबंधन समिति के सदस्यों का राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित

शिक्षित राज्य से ही पूरी होगी विकसित प्रदेश की परिकल्पना : सीएम

बच्चे-बच्चियां अब खेलकूद के साथ शिक्षा में भी अपना परचम लहरायेंगे

शिक्षा में सरकारी स्कूलों के बच्चे निजी स्कूलों से पीछे नहीं रहें,यही हमारा प्रयास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि शिक्षा का अलख जगाने में उत्कृष्ट विद्यालयों के प्रबंध समिति की भूमिका महत्वपूर्ण है। श्री सोरेन सोमवार को खेलगांव में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा प्रबंधन समिति के सदस्यों का राज्य स्तरीय सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड के इतिहास में पहली बार यहां की शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर ऐसा आयोजन हुआ है। हमारी सोच है कि प्रतिस्पर्धा के इस युग में हमारे सरकारी विद्यालयों के बच्चे निजी विद्यालयों या बड़े शहरों के विद्यालयों के बच्चों से किसी भी क्षेत्र में कम न रहें। राज्य में सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को क्वालिटी एजुकेशन उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। पहले चरण में 80 उत्कृष्ट विद्यालयों में सीबीएसई की तर्ज पर हमारे बच्चों को शिक्षा मिलनी शुरू हो चुकी है। आने वाले समय में राज्य में 4000 से अधिक सरकारी विद्यालयों में यह व्यवस्था लागू की जायेगी। उन्होंने कहा कि जो राज्य शिक्षित होता है, उसे किसी के सहारे की जरूरत नहीं पड़ती है। कहा कि ईश्वर ने हमारे राज्य को प्राकृतिक संसाधनों के साथ-साथ प्राकृतिक सुंदरता से भी नवाजा है। (शेष पेज 11 पर)

## खेलकूद के साथ शिक्षा में भी अपना परचम लहरायेंगे



मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे बच्चे किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। जरूरत है कि उन्हें संसाधनों के साथ जोड़ें। गरीबी के कारण संसाधनों के अभाव में आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं बच्चे-बच्चियों को आगे बढ़ाने के लिये हमारी सरकार कृतसंकल्पित है। कहा कि राज्य के वैसे बच्चे जो स्कूली शिक्षा से आगे बढ़कर इंजीनियरिंग, मेडिकल सहित अन्य स्ट्रीम में पढ़ाई करना चाहते हैं, उन्हें राज्य सरकार आर्थिक मदद दे रही है। उन्होंने कहा कि देश में पहली बार इस राज्य ने अपने बच्चों को उच्चतर शिक्षा के लिए विदेशों में पढ़ाई करने के लिए 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप प्रदान किया है। राज्य सरकार के खर्च पर विदेश पढ़ाई करने गये कुछ बच्चे डिग्रियां लेकर वापस राज्य पहुंचकर अच्छा कर रहे हैं।

**प्रबंधन समिति की भूमिका महत्वपूर्ण :** सीएम ने कहा कि राज्य की स्कूली व्यवस्था प्रबंधन समिति की देखरेख में चलता है। स्कूलों के सफल एवं उत्कृष्ट संचालन के लिए स्कूल प्रबंधन समिति की जिम्मेदारी अहम और महत्वपूर्ण रहती है। स्कूल प्रबंधन समिति को अब पहले से ज्यादा बेहतर होने की आवश्यकता है। जिला भ्रमण के समय मैं स्वयं इन उत्कृष्ट विद्यालयों में औचक निरीक्षण करूंगा। समय-समय पर विभागीय पदाधिकारी भी स्कूलों का निरीक्षण करेंगे। यूं तो पिछले कई वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में कार्य हो रहे हैं।

## न्यूज डायरी

### प्रशांत बोस की बेल पर हाइकोर्ट में हुई सुनवाई

**रांची।** एक करोड़ के इनामी शीर्ष नक्सली नेता प्रशांत बोस की जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस रत्नाकर भेंगरा की कोर्ट ने आंशिक सुनवाई की। कोर्ट ने जमानत याचिका पर अगली सुनवाई के लिए मंगलवार की तिथि निर्धारित की है।

### मनीष सिसोदिया की हिरासत अवधि बढ़ी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर सीबीआई और ईडी ने पूरी तरह शिकंजा कस लिया है। सोमवार को राउज एवन्यू कोर्ट में उनकी 14 दिनों की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी गयी। हालांकि, 21 मार्च को उनकी जमानत पर सुनवाई होगी।

### पांच लाख के इनामी दशरथ ने किया सरेंडर

**लातेहार।** नक्सली संगठन टीएसपीसी का सब जोनल कमांडर दशरथ उरांव उर्फ रोशन जी ने सोमवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। वह 5 लाख रुपए का इनामी नक्सली है।

### तीन साइबर अपराधी किये गये गिरफ्तार

**रांची।** अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने पांच लाख 18 हजार 801 रुपये की ठगी करने वाले तीन साइबर अपराधियों को गिरिडीह से गिरफ्तार किया है। जिनमें गिरिडीह का बॉबी मंडल, कुणाल राम और विनोद कुमार मंडल शामिल हैं।

### कांग्रेस ने किया केंद्रीय गृह मंत्री का पुतला दहन

**रांची।** सोमवार को कांग्रेस ने राज्य के सभी जिला मुख्यालय में दिल्ली पुलिस की राहुल गांधी के खिलाफ की गई कार्रवाई को लेकर गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। रांची में भी रांची महानगर कांग्रेस और रांची ग्रामीण कांग्रेस कमिटी की ओर से अल्बर्ट एक्का चौक पर अमित शाह का पुतला दहन किया।

### गुमला : वृद्ध की पत्थर से कूचकर हत्या

**गुमला।** कामडारा की मुखिया लभली तिर्की की सास मोनिका बरला (60) की सोमवार को दिनदहाड़े तुरबूल चौक के समीप पत्थर से कूचकर हत्या कर दी गई। मृतका बैंक ऑफ इंडिया भागीडेरा कोनबीर से 15 हजार रुपए निकाल कर वापस पैदल अपने घर रायबा जा रही थी।

### वनांचल आंदोलनकारियों को मिलेगी सम्मान राशि: मंत्री

रांची। विधानसभा में सोमवार को संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि वनांचल आंदोलन भी अलग झारखंड राज्य के लिए ही हुआ था इसलिए वे भी झारखंड आंदोलनकारी ही माने जायेंगे। वनांचल आंदोलनकारियों को प्रोत्साहन राशि, पेंशन व सम्मान मिले इसके लिए सरकार प्रयासरत है। श्री आलम एक पश्न के जवाब में बोल रहे थे।

### यात्री बस को ट्रेलर ने मारी टक्कर, 14 घायल

**दुमका।** गोपीकांदर थाना क्षेत्र के गोपीकांदर में दुमका-पाकुड़ मुख्य मार्ग पर बस, ट्रेलर और हाइवा के बीच टक्कर में 14 यात्री घायल हो गये। घायलों में कई महिलाएं भी हैं। अधिसंख्य को सिर में चोट लगी आयी है। पास के अस्पतालों में घायलों का इलाज चल रहा है।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 72,000 रु./प्रति किलो |

## सीएम-11 आठ विकेट से हारा



**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के बीच फुर्सत के क्षण में स्पीकर एकादश और सीएम एकादश के बीच सोमवार को मैत्री क्रिकेट मैच जेएससीए स्टेडियम में खेला गया। इसमें स्पीकर एकादश ने मुख्यमंत्री एकादश को 8 विकेट से हरा दिया। सीएम एकादश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवरों में 97 रन बनाये। जवाब में स्पीकर एकादश ने 9 ओवर में ही दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। स्पीकर एकादश के सुदेश महतो ने 42 (3 छक्के, 4 चौके) रन बनाये। पूर्व खेल मंत्री अमर बाऊरी ने 29 रन बनाये। मुख्यमंत्री एकादश के कप्तान प्रदीप यादव सर्वाधिक 28 रन बनाकर नाबाद रहे। इनके अलावा स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने 22, दिनेश विलियम मरांडी ने 11, संजीव सरदार ने 9, अनूप सिंह ने 3 और भूषण बाड़ा ने 2 रन बनाये। मैच में मैन ऑफ द मैच और बेस्ट बैट्समैन का पुरस्कार सुदेश महतो, बेस्ट बॉलर का पुरस्कार बन्ना गुप्ता और बेस्ट फील्डर का पुरस्कार रणधीर सिंह को मिला।

मैच में मैन ऑफ द मैच रहे सुदेश महतो (42रन), बन्ना गुप्ता बने बेस्ट बॉलर

सरयू-स्वास्थ्य मंत्री में तीखी झड़प के बीच हेल्थ की अनुदान मांग पास

# एक पैसा भी लेने का आरोप सिद्ध कर दें, तो इस्तीफा दे दूंगा : बन्ना

■ स्वास्थ्य विभाग की 70 अरब से अधिक की अनुदान मांग मंजूर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बजट सत्र के 13 वें दिन सोमवार को स्वास्थ्य विभाग का 70 अरब 40 करोड़ से अधिक का अनुदान मांग ध्वनिमत से पारित हो गया। इसके पहले प्रथम पाली में मंत्री बन्ना गुप्ता ने स्वास्थ्य चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग का 70 अरब 40 करोड़ का अनुदान मांग सभा पटल पर रखा। इस पर रामचंद्र चंद्रवंशी ने कटौती प्रस्ताव लाया। इसके बाद द्वितीय पाली में मंत्री बन्ना गुप्ता ने चर्चा के दौरान सरकार का पक्ष रखा। उन्होंने अपने भाषण में निर्दलीय विधायक सरयू राय पर जबरदस्त हमला बोला। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि अगर सरयू राय साबित कर दें कि मैंने एक रुपये भी प्रोत्साहन राशि ली है, तो मैं इस्तीफा देने को तैयार हूं। अनुदान मांग पर सरकार की ओर से जवाब देते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरयू रायजी आप के डर से और आपके डराने से हम डरनेवाले नहीं हैं। आप के आधार पर सिस्टम नहीं चल सकता है, ऐसा नहीं है कि इस धरती पर आप ही एक ईमानदार हैं और सारे बेईमान हैं। इस दौरान मंत्री पर सवालों का सही जवाब नहीं देने का आरोप लगाते हुए विपक्षी विधायकों ने किया सदन से वॉकआउट किया। विपक्ष की अनुपस्थिति में अनुदान मांग पारित हो गया। (शेष पेज 11 पर)

### क्या कहा स्वास्थ्य मंत्री ने

स्वास्थ्य मंत्री ने सरयू राय पर बोलते हुए कहा, आप कभी सरकार की चाटुकारिता करते हैं, कभी विरोध। सरयू राय एकमात्र हरिश्चंद्र हैं क्या। आप कभी कहते हैं, प्रोत्साहन राशि से जुड़ी कॉपी कहां से निकाल ली, कभी कहते हैं कि मैंने पैसे ले लिये। कभी कहते हैं ट्रेजरी बंद था, इसलिए नहीं निकाल पाये। इसी वजह से आपके खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। मंत्री व निर्दलीय विधायक के बीच तीखी नोंक-झोंक हुई।



**नियोजन नीति को लेकर प्रदर्शन :** पहली पाली से पहले विधानसभा के बाहर भाजपा विधायकों ने नियोजन नीति को लेकर धरना प्रदर्शन किया। भाजपा विधायकों ने कहा कि स्थानीय और नियोजन नीति के नाम पर सरकार राज्य के युवाओं के साथ मजाक कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में जल्द नियोजन नीति लागू किया जाये।

**कटौती प्रस्ताव पर बोले चंद्रवंशी :** कटौती प्रस्ताव लाने वाले भाजपा विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने भी कई सुझाव दिये। कहा कि जिला अस्पताल तक 300 बेड में अपग्रेड करने की बात हुई थी जो अधूरी है। मेडिको सिटी पर कोई काम नहीं हुआ है। मेडिकल कॉलेज का सुदृढ़ीकरण नहीं हुआ है। टेलीमेडिसिन सिस्टम फेल है। मोबाइल क्लीनिक सिस्टम फेल है। डॉक्टरों को प्रमोशन नहीं मिल रहा है। फर्जी अस्पतालों पर एक्शन नहीं हो रहा है। एमबीबीएस पास डॉक्टरों को 5 साल बाद सर्टिफिकेट दिया जाना चाहिए। वहीं विधायक सरयू राय ने कहा कि एनजीटी के आदेश की समीक्षा नहीं हो रही है। आदेश का पालन करना चाहिए। लग रहा है कि राज्य सरकार की मिलीभगत है। प्रोत्साहन राशि का लाभ उठाने की विभागीय मंत्री और उनके ऑफिस के लोगों ने की थी। लेकिन, ट्रेजरी बंद होने पैसे की निकासी नहीं हुई। बाद में डोरंडा थाना में मेरे खिलाफ एफआईआर और चाईबासा कोर्ट में मानहानि का मुकदमा हुआ। आज तक उस मसले पर मंत्री ने सदन में जवाब नहीं दिया।

## झारखंड ने असम को 16-0 से रौंदा

**खूंटी (खबर मन्त्र)।** हॉकी झारखंड के तत्वावधान में खूंटी में चल रही प्रथम हॉकी इंडिया ईस्ट जोन जूनियर महिला एवं पुरूष राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन सोमवार को महिला वर्ग में तीसरा मैच मेजबान झारखंड और असम के बीच खेला गया। एक तरफा हुए इस मैच में झारखंड की टीम ने आसाम की टीम को 16-0 से रौंदकर पूरे अंक अर्जित किये। विजेता झारखंड टीम की ओर से निशा मिंज व फूलमनी भेंगरा ने तीन-तीन तथा कप्तान एडलिन बागे व पूर्णिमा बरवा ने दो-दो महत्वपूर्ण गोल दागे। नीरू कुल्लू, रोशनी आईंद, रजनी केरकेट्टा, पिंकी कुमारी, अमृता मिंज एवं संगीता कुमारी ने भी एक-एक गोल किया। तीन महत्वपूर्ण गोल करने वाले निशा मिंज को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इससे पूर्व महिला वर्ग के तीन और पुरुष वर्ग के दो मैच खेले गये। महिला वर्ग के पहले मैच में मिजोरम ने उड़ीसा को 2-1 से हरा कर पूरे अंक अर्जित किये। महिला वर्ग के दूसरे मैच में बिहार ने बंगाल को 5-0 से पराजित किया।

पूर्वी क्षेत्र जूनियर हॉकी

रिटायर्ड डीएसपी और दारोगा ने पूछताछ में इडी को बताया

## पंकज मिश्र से मिलने गलती से चले गये थे

मनी लॉन्ड्रिंग मामला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** साहिबगंज में 1000 करोड़ रुपये के अवैध खनन के मामले में सोमवार को ईडी ने साहिबगंज के रिटायर्ड डीएसपी यज्ञनारायण तिवारी व बरियातू थाने में पदस्थापित दारोगा प्रयाग दास से पूछताछ की। पूछताछ में इन दोनों ने ईडी को बताया कि गलती से मिलने के लिए चले गये थे। ईडी को सूचना थी कि इनमें से कई लोगों ने घोटाले के आरोपी पंकज मिश्रा को फोन उपलब्ध कराने में मदद की थी साथ ही रिम्स में पेइंग वार्ड में भर्ती होने के दौरान मुलाकात भी की थी।

### सीसीटीवी फुटेज में इडी को मिले थे कई चेहरे

इस मामले में चंदन यादव और सूरज पंडित के खिलाफ पहले ही वारंट लिया गया है। अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार पंकज मिश्रा से मिलने के आरोप में सब इंस्पेक्टर प्रयास दास से भी सोमवार को इडी की टीम ने पूछताछ की। वह फिलहाल बरियातु थाने में पदस्थापित है। इडी ने उन्हें सम्मन भेज कर 20 मार्च को पूछताछ के लिए हाजिर होने का निर्देश दिया था। रिम्स से मिले सीसीटी फुटेज की जांच के दौरान इडी ने इस पुलिस अधिकारी को पंकज मिश्रा से मिलनेवालों के रूप में पहचान की थी।

गौरतलब हो कि पंकज से न्यायिक हिरासत में मुलाकात व फोन पर बातचीत के मामले में डीएसपी प्रमोद मिश्रा, राजेंद्र दुबे, इंजीनियर एन रजक से पूछताछ हो चुकी है। दोनों ने ईडी को जांच में सहयोग नहीं किया था। सूरज व चंदन के छह मोबाइल नंबरों के जरिए ही पंकज मिश्रा ने कई लोगों से न्यायिक हिरासत में रिम्स के पेईंग वार्ड में रहने के दौरान संपर्क साधा था।

## चार दिनों तक बारिश से राहत की उम्मीद नहीं

■ वज्रपात और ओलावृष्टि को लेकर अलर्ट जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची और आसपास के जिलों में अगले चार दिनों तक बारिश के आसार नजर आ रहे हैं। ऐसा पश्चिमी विक्षोभ के कारण हो रहा है। सोमवार को शाम में राजधानी में गरज के साथ घंटेभर हल्के दर्जे की बारिश हुई। साथ ही गर्जन, तेज हवा के साथ वज्रपात और ओलावृष्टि भी हुई। आने वाले तीन-चार दिनों तक ऐसा ही मौसम रहेगा। इसे लेकर मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

### इन जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, राज्य के उत्तरी और मध्य भाग (पाकुड़, साहिबगंज, बोकारो, देवघर, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गोड्डा, गुमला, जामताड़ा, खूंटी, लातेहार, लोहरदगा, रामगढ़, रांची, सरायकेला खरसावां, सिमडेगा, पश्चिम सिंहभूम, कोडरमा, गिरिडीह, पलामू, पश्चिम सिंहभूम) में तेज हवा के साथ मेघ गर्जन और वज्रपात की संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा और हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश के भी आसार हैं। इस बदलाव की वजह से तापमान में नौ डिग्री तक की गिरावट आयी है। पूरे राज्य में ठंड बढ़ी है। हवा में भी नमी है। बारिश ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। भले ही लोगों को गर्मी से राहत मिली है लेकिन तापमान में उतार-चढ़ाव से लोग बीमार पड़ रहे हैं। अभी भी बादलों का समूह झारखंड की ओर आ रहा है। जिसकी वजह से कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि और वज्रपात की संभावना है।

# अब राज्य के पंचायत सचिवालयों में मिलेगी फ्री इंटरनेट सुविधा

■ गांव की सरकार ग्रामीणों के साथ मिलकर करेगी गांव का विकास

■ सभी पंचायत सचिवालयों में बैंकिंग के साथ-साथ प्रज्ञा केंद्र की सुविधा भी रहेगी

**सुधीर**

**रांची।** गांव के लोगों को इंटरनेट सेवा के लिए अब दूसरे पर निर्भर नहीं रहना होगा। अब, राज्य के पंचायत सचिवालयों में ही उन्हें फ्री इंटरनेट सुविधा मिलेगा। सरकार के स्तर पर राज्य के सभी 4345 पंचायत सचिवालयों में वाय-फाय की व्यवस्था की जायेगी। नयी व्यवस्था के तहत अब पंचायत सचिवालय भवनों के दिन बहुरेंगे। राज्य सचिवलाय की तरह ही पंचायत सचिवलाय भी चकाचक दिखेंगे। यहां बिजली-पानी सर्विस इश्यू का सोल्यूशन होगा। गांव की सरकार और ग्रामीण यहां 24 घंटे स्मार्ट टीवी, इंटरनेट सुविधाओं का आनंद भी ले सकेंगे। पंचायती राज विभाग झारखंड ने झारखंड में पंचायत सुद्दढीकरण योजना को स्वीकृति दे दी है। इससे संबंधित संकल्प भी जारी कर दिया है। अब हर महीने पंचात सचिवालय को कम से कम 15 हजार रुपये दिये जायेंगे। मार्च 2023 के प्रभाव से ही इस राशि का लाभ पंचायतों को मिलने लगेगा।

### लगेगा 65 इंच का स्मार्ट एलइडी टीवी

राज्य के सभी पंचायत सचिवालयों में वैध बिजली कनेक्शन और ऊर्जा की वैकल्पिक व्यवस्था की जायेगी। पेयजल, साफ-सफाई और सुरक्षा की व्यवस्था होगी। एक 65 इंच का स्मार्ट एलइडी टीवी, कंप्यूटर, एक इन्वर्टर और एक स्टेवलाइजर की सुविधा तय होगी। इंटरनेट, पेयजल, बिजली, सुरक्षा, साफ-सफाई, जेनरेटर के लिए इस योजना के तहत हर महीने 15 हजार रुपये की राशि अनुमान्य होगी।



**आखिर सचिवालय सुदृढ़ीकरण योजना क्यों :** पंचायती राज विभाग की ओर से जारी संकल्प के मुताबिक अपने दायित्वों के निर्वहन और योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए पंचायतों को वित्तीय संसाधन के लिए 15वें वित्त आयोग की अनुशंसा से प्राप्त अनुदान की राशि उपलब्ध करायी जाती है। पर इस राशि का व्यय केंद्र द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अधीन करना होता है। ऐसे में वित्त आयोग की अनुदान राशि से सेवाओं और सुविधाओं की सतत उपलब्धता तय करना कठिन है। यही कारण है कि ग्राम पंचायत सचिवालयों में आधारभूत संरचना और न्यूनतम सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को राज्य सरकार द्वारा भी अतिरिक्त राशि का व्यय किया जाना तय हुआ है।

### पंचायत सचिवालयों में ही मिलेगी बैंकों की भी सभी सुविधाएं

राज्य के सभी पंचायत सचिवालयों में बैंक के ब्रांच, एटीएम, पेमेंट बैंक या इंडियन पोस्टल बैंक के ब्रांच की स्थापना करायी जायेगी। इन संस्थानों को पंचायत सचिवालय में फ्री में कमरा या स्थान दिया जायेगा। राजस्व उप निरीक्षक कार्यालय के लिए भी एक कमरा होगा। यहां दिन उपनिरीक्षक स्वयं बैठेंगे। इसकी सूचना पंचायत सचिवालय के सूचना पप्त पर प्रदर्शित की जायेगी। सभी सचिवालय में लगभग 100 एमबीपीएस गति (अपलोड-डाउनलोड) का पोस्टपेड नेट कनेक्शन रहना अनिवार्य किया गया है। सचिवालय भवन के 4 कमरों में केबल के माध्यम से तथा शेष परिसर में वाय-फाय के माध्यम से इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।

## बिहार में ईंट भट्ठा की चिमनी गिरने से गुमला के तीन मजदूरों की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** मनेर थाना क्षेत्र के व्यापुर गांव में लकी चिमनी भट्ठा में ब्लास्ट होने से झारखंड की तीन महिला मजदूरों समेत चार की मौत हो गयी है। तीन महिला मजदूर गुमला (झारखंड) की हैं। मृतकों में सिसई की सुगंती देवी पति मेघनाथ तुरी, घुरनी देवी पति प्रदेशिया तुरी व शीला देवी पति सुरेंद्र तुरी शामिल हैं। सभी सिसई प्रखंड के लकेया बांसटोली की थीं। बिहार के गया की सीता देवी की भी हादसे में मौत हो गयी है। बताया जा रहा है कि भट्ठा काफी पुराना था। बार-बार चेतावनी के बावजूद भट्ठा मालिक इसे बंद नहीं कर रहा था। यही हादसे की वजह बन गया। फिलहाल, भट्ठे का मालिक फरार है। मृत मजदूरों के परिजनों का आरोप है कि ईंट भट्ठा मालिक पटना में ही शव दफनाने के लिए दबाव डाल रहे हैं। परिजनों ने शव झारखंड लाने के लिए मदद की गुहार लगायी है।

मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर घायलों को पटना पहुंचाया। जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसे में मलबे में कई मजदूरों के दबे होने की आशंका है। (शेष पेज 11 पर)

स्पीड न्यूज

## साप्ताहिक जनता दरबार में डीसी ने सुनी आमजनों की समस्यायें



जमशेदपुर। उपायुक्त विजया जाधव ने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में आम लोगों से मिलकर उनकी समस्यायें सुनी। 65 लोगों ने जनता दरबार में अपनी समस्यायें/ शिकायतें रखीं जिसे उपायुक्त ने संवेदनशील होकर सुना तथा यथोचित कार्रवाई को लेकर सभी फरियादियों को आश्वस्त किया। घाटशिला के शंभुनाथ हांसदा तथा बेको के श्यामल बेसरा ने अपने बच्चों का नामांकन आवासीय विद्यालय में कराने का आग्रह किया, गदरा पूर्वी के सभी ग्रामीणों की तरफ से एक प्रतिनिधिमंडल ने सरकारी भूमि के अतिक्रमण का मामला संज्ञान में लाया। हिन्दू पीठ जमशेदपुर के महिला शाखा के प्रतिनिधिमंडल ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पक्षियों के खरीद बिक्री पर रोक लगाते हुए उन पक्षियों को पिंजड़े से आजाद कराने की मांग की। शंकोसाई के पंकज साहा ने सेंटलमेंट लैंड का अतिक्रमण, धनंजय कुमार ने भूमि सीमांकन, बोड़ाम के संतोष सिंह ने मृतक मुआवजा, कुसुम देवी ने राशन संबंधी, छोटा गोविंदपुर की निर्मला देवी ने संपत्ति विवाद, नीलम पतरा ने पति से गुजारा भत्ता, प्रमोद कुमार ने सोनारी थाना में एफआईआर नहीं लेने, सीतारामडेरा में अवैध निर्माण, फुटबॉल मैदान का अतिक्रमण, करूणामय मंडल ने पोटका में कुष्ठ रोगियों के लिए जमीन, ट्रांसफर पोस्टिंग सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी जनसमस्याओं से संबंधी आवेदन आए जिसे उपायुक्त द्वारा तत्काल संबंधित विभागीय पदाधिकारी को अग्रसारित कर समयबद्ध रूप से निष्पादन का निर्देश दिया गया है।

## समाजसेवी राकेश वर्मा ने फुटबॉल प्रतियोगिता का किया उद्घाटन



चांडिल। सागुन सरना क्लब शाशनटांड़ द्वारा आयोजित एक दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का समाजसेवी राकेश वर्मा ने उद्घाटन किया। राकेश वर्मा ने कहा हमारे ग्रामीण क्षेत्र में खेल के प्रति प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। खिलाड़ियों को उचित मंच देने की जरूरत है। मुखिया मनोहर सिंह ने कहा इस तरह के खेलों से खिलाड़ियों का प्रतिभा सामने आती है। इस प्रतियोगिता में मूर्मू एफसी प्रथम, एनटीसी दामूबेड़ा दुसरा, पोड़ाडीह तीसरा एवं एक्स सेवन चांडिल चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम को मुखिया मनोहर सिंह सरदार ने नकद राशि देकर पुरस्कृत किया। इस मौके पर चंदन वर्मा, अशोक मुर्मू, राम मुर्मू, संजय किस्कू, माणिक किस्कू, बीर सिंह मुर्मू, अमीर मुर्मू सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पदयात्रा कर राजस्थान के खाटु जाने वाले दो श्याम प्रेमी का हुआ स्वागत



चांडिल। जमशेदपुर से पदयात्रा कर निशान लिकर राजस्थान के खाटु धाम जाने के लिए निकले दो श्याम प्रेमी राहुल शर्मा एवं साहिल सिंह का चांडिल मे श्री श्याम कला भवन के अध्यक्ष संजय चौधरी की अगुवाई मे चांडिल गोल चक्कर मे गाजे बाजे के साथ स्वागत किया। एकादशी के अवसर पर पहुंचे निशान यात्रियों के साथ श्याम मंदिर परिसर मे संकीर्तन किया गया। दोनों श्याम प्रेमी को वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर दुर्गा चौधरी, राजीव साव, परमानंद पसारी, पिंटू वर्मा, जॉनी बगडिया, चंदन रूंगटा, अश्विनी शर्मा, मनोज वर्मा, रोशन शर्मा सहित कई श्याम प्रेमी उपस्तिथि थे।

## सृष्टि महिला विकास सहयोग समिति ने डीसी से मिल कर कार्यों से अवगत कराया

जमशेदपुर। राष्ट्रीय गौरैया दिवस के उपलक्ष में सोमवार को सामाजिक संगठन सृष्टि महिला विकास सहयोग समिति, बिहार/झारखंड की अध्यक्षा एवं शहर की अग्रणी समाजसेविका रानी गुप्ता ने अपनी संस्था के सहयोगियों के शिष्टमंडल के साथ जमशेदपुर स्थित जिला समाहरणालय पूर्वी सिंहभूम, कार्यालय में पहुंचकर जिला उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम - विजया जाधव को उनके उत्कृष्ट कार्यों हेतु संस्था की ओर से पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। साथ ही अपनी संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी। उपायुक्त ने संस्था के द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए शुभकामना दिया। इस दौरान समाज सेविका रानी गुप्ता ने उपायुक्त महोदया को जिला में शांति व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था को बनाए रखते हुए सफलतापूर्वक संपन्न हुए त्योहारों की सफलता और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई एवं शुभकामना भी दिया।

# 23 मार्च को एग्रीको मैदान से निकलेगी शहीदों के सम्मान में अखंड तिरंगा यात्रा

● शहरवासियों के नेतृत्व में निकलती है देश की भव्यतम तिरंगा यात्रा ● जाति, धर्म और राजनीति से ऊपर उठ कर लोग पूरे उत्साह से लेंगे भाग

›› मां भारती का रथ यात्रा का नेतृत्व करेगी, सिर्फ एक झण्डा तिरंगा और सिर्फ दो नारा भारत माता की जय और वंदेमातरम

खबर मन्त्र ब्यूरो




संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते अमरप्रीत सिंह काले। साथ में राकेश्वर पांडेय व सहयोगी।

**जमशेदपुर।** नमन शहीदों के सपनों सपनों को संस्था द्वारा आयोजित अखंड तिरंगा यात्रा सह शहीद सम्मान यात्रा 23 मार्च को आयोजित है जिसमें शहर के असंख्य युवा एवं राष्ट्रभक्त जमशेदपुर वासी शामिल होंगे। यह यात्रा एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान से सुबह 09.55 बजे आरंभ होगी। इसके पहले उस मैदान में 9:00 बजे से यात्रा में शामिल होने वाले लोग जुटने लगेंगे। यात्रा की तैयारियों के लिए जमशेदपुर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार बैठक की गई है और लोगों ने भरोसा दिया है कि यह यात्रा अभूतपूर्व होगी। उक्त जानकारी नमन के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। अखंड तिरंगा इस बार तीन वर्ष के अंतराल पर निकल रही है, जिसे लेकर काफी उत्साह है। तीन वर्ष कोविड महामारी के चलते यह यात्रा नहीं निकाली गई थी। काले ने बताया कि 23 मार्च शहादत दिवस के रूप में पूरे देश में मनाया जाता है। इसी दिन भारत माता की आजादी के लिए भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु ने अपना बलिदान दिया जब अंग्रेजों ने उन्हें फांसी दे दी थी। यह यात्रा जमशेदपुर में तब शुरू हुई जब सन 2016 में जेएनयू में भारत माता तेरे टुकड़े होंगे हजार जैसे राष्ट्र विरोधी नारे लगाए गए थे। उसी के प्रतिवाद में नमन का गठन किया गया। यह गठन शहर के जाने-माने समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में किया गया और तभी से श्री काले के नेतृत्व में इस दिन यह यात्रा निकाली जाती है। यात्रा के मार्ग पर चर्चा करते हुए अमरप्रीत सिंह काले ने बताया कि एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान से एग्रिको चौक, भालुबासा चौक, काशीडीह चौक, साकची सब्जी बाजार, साकची गोल चक्कर, बसंत सिनेमा चौक, 9 नंबर बस स्टैंड होते हुए हावड़ा ब्रिज, आर डी टाटा चौक, पुलिस लाइन, गोलमुरी आकाशदीप चौक है, वहां से पुनः एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान पर आकर यात्रा समाप्त होगी। काले ने बताया कि समापन के समय यात्रा में शामिल सभी राष्ट्र भक्तों के लिए भोग प्रसाद की व्यवस्था की गई है। इस यात्रा में शामिल होने के लिए देश के नामचीन कलाकारों, जैसे भजन सम्राट अनूप जलोटा, कैलाश खेर, लखबीर सिंह लक्खा, मनोज तिवारी आदि ने अपनी अपील जारी की है। यात्रा के कार्यक्रम को लेकर और उसके प्रचार-प्रसार के लिए कल से शहर में वाहन पर लाउडस्पीकर में प्रचार भी किया जाएगा। इस यात्रा का एकमात्र उद्देश्य वीर बलिदानों के सपनों को जिंदा रखना है और युवा शक्ति को राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेदारियों से वाकिफ कराना है। शहीदों ने जो सपना देखा हमारा स्वतंत्र भारत कैसा हो, भारतवासी कैसे एक दूसरे के साथ मिलकर फिर किसी विघटनकारी ताकत के हाथ में खिलौना ना बन जाए,उसको प्रज्वलित बनाए रखें। काले ने कहा कि इस यात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्ति व नौजवानों के शामिल होने की परंपरा रही है । इस यात्रा को दो दर्जन स्थानों पर माँ भारती के रथ का स्वागत होता आया है जिसमें रथ का फूलों से स्वागत भी होता है। यात्रा को पूर्व सैनिक सेवा परिषद के नौजवान साथियों का भरपूर सहयोग सदैव मिलता रहा है। इस यात्रा को सफल बनाने में शहर की कई सामाजिक व धार्मिक संस्थाएं भी शामिल होंगी। संवाददाता सम्मेलन में नमन के संरक्षक एवं इंटक के प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय, चेयरमैन बृजभूषण सिंह, अखिलेश पांडेय, पूर्व सैनिक वरुण कुमार, पीएन पांडेय, डीडी त्रिपाठी, मंटू भाई, राजीव जी और निक्कू भाई समेत कई लोग उपस्थित थे।

# झारखंड,बंगाल और ओड़िशा का नामी डकैत गिरोह धराया

मुसाबनी के बादिया गांव का निवासी रहीम खान उर्फ बड़कू है सरगना

अपने ही गांव में डकैती के मामले में गिरफ्तार हुए रहीम खान व साथी

खबर मन्त्र ब्यूरो



गिरफ्तार डकैतों को प्रेस के सामने प्रस्तुत करते एसएसपी प्रभात कुमार व ग्रामीण एसपी मुकेश लुनावत।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर ग्रामीण पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय डकैत गिरोह का पदार्फाश करते हुए उसके मुखिया रहीम खान उर्फ बड़कू समेत गिरोह के 9 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरोह के पास से पुलिस ने एक पिस्टल, दो देसी कट्टा, 26 कारतूस, एक चाकू और डकैती में लूटे गए 78.62 ग्राम गला हुआ सोना ,सोने की 4 अंगूठियां, सोने का एक लॉकेट, एक जोड़ा सोने का कान में पहने जाने वाला टॉप, सोने की एक बाली, एक पीस ब्रेसलेट, लूटा गया काला रंग का बैग,नगद 2.15 लाख रुपये, एक बाइक और 11 सेट मोबाइल से बरामद किया गया है। एसएसपी ने बताया कि गिरोह के मुखिया रहीम खान उर्फ बड़कू के ऊपर झारखंड ओडिशा और बंगाल के विभिन्न थानों में कुल 15 मामले दर्ज हैं। गिरोह का खुलासा करते हुए जमशेदपुर के सीनियर एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि रहीम खान के साथ झाड़ग्राम निवासी शेख हाशिम, सरायकेला स्वर्ण पुर निवासी चंदू मुखी, उसी गांव का गोविंद कालिंदी उर्फ गोगो, पोटका के संग्राम गांव का अभिषेक डे उर्फ मिथुन, मुसाबनी थाना क्षेत्र का दीपांकर सेन उर्फ शेरा, जमशेदपुर सिद्धगोरा थाना अंतर्गत बागुनहातु रोड नंबर 5 निवासी राजा नमाता व अरुण नमाता और एग्रीको रोड नंबर 3 निवासी व चोरी के आभूशण खरीदने वाला सोनार मनीष प्रसाद को गिरफ्तार किया गया है। सीनियर एसपी ने बताया कि इस गिरोह का पता तब चला जब 14 मार्च 2023 की रात में मुसाबनी थाना अंतर्गत वादियां गांव में छपी पुष्टि के घर में अपराधियों के द्वारा पिस्तौल एवं चाकू का भय दिखाकर डकैती की गई । उक्त घटना के उद्भेदन के लिए एवं संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी एवं लूटे गए रुपए व आभूषण की बरामदगी हेतु पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुकेश लुनावत के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक मुसाबनी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था गठित टीम के द्वारा प्रोफेशनल तरीके से अनुसंधान करते हुए मानवय सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मात्र 5 दिनों के भीतर इस कांड का उद्भेदन कर डकैती करने वाले अपराधियों को घटना में प्रयुक्त हथियार एवं लूटे गए नगदी एवं आभूषण बरामद किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में गिरफ्तार अपराधियों ने बताया कि लूटे गए सोना चांदी के आभूषण को अन्य अपराधियों के सहयोग से मनीष प्रसाद नामक स्वर्णकार को बेचा गया है। तत्पश्चात इन लोगों की निशानदेही पर उक्त स्वर्णकार के दुकान में छापेमारी कर कुछ आभूषण बरामद किया गया जबकि आभूषण के बड़े हिस्से को उक्त स्वर्णकार द्वारा गला कर विभिन्न दुकानदारों को बेच दिया गया था जिसे बरामद कर लिया गया है। सीनियर एसपी ने बताया कि पकड़े गए अपराधियों में से मुख्य सरगना रहीम खान उर्फ बड़कू पूर्व से जमशेदपुर जिला के विभिन्न थानों में हत्या उपकरण डकैती लूट गृह मैदान चोरी तथा पश्चिम बंगाल राज्य के झारग्राम में आर्म्स एक्ट एवं एनडीपीएस एक्ट के कान में फरार चल रहा था तथा पुलिस को उसकी लंबे समय से तलाश थी ।रहीम खान द्वारा इस कांड में पकड़े गए अपराधियों को शामिल कर एक गिरोह तैयार किया गया था जिसके साथ मिलकर वह पिस्तौल का भय दिखाकर सुनियोजित ढंग से लगातार लूट और डकैती की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। इन अपराधियों के पकड़े जाने से जमशेदपुर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में विगत वर्ष में घटित कई अपराधिक घटनाओं के अतिरिक्त हाल ही में घाटशिला थाना क्षेत्र में घटित एक लूट तथा दो डकैती की वारदात एवं पोटका थाना क्षेत्र में घटित लूट की घटना का भी उद्भेदन हुआ है ।जमशेदपुर ग्रामीण पुलिस द्वारा अब तक इस गिरोह के कुल 16 कर्मियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। उम्मीद है कि इन लोगों की गिरफ्तारी से क्षेत्र में अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लग सकेगा। संवाददाता सम्मेलन में ग्रामीण एसपी मुकेश लुनावत भी उपस्थित थे।

## मानगो नगर निगम ने नहीं किया मानगो चौक स्थित शौचालय की 4 महीने सफाई, विकास सिंह के मौजूदगी में मजदूरों ने काटा बवाल

खबर मन्त्र ब्यूरो





**जमशेदपुर।** मानगो चौक स्थित अमर शहीद खुदीराम बोस जी की प्रतिमा के बगल में आम लोगों के लिए सार्वजनिक शौचालय एवं मूत्रालय का निर्माण नगर निगम के द्वारा कराया गया है।

यह वैसा स्थान है जहां प्रातः बेला हजारों की संख्या में मजदूर एकत्रित होते हैं और अपने काम में जाते हैं। इसके साथ ही मानगो का मुख्य गोलंबर होने के कारण सफर करने वाले यात्री भी वहां से वाहन पकड़ कर अपने गंतव्य की ओर जाते हैं। काफी भीड़भाड़ वाला इलाका रहने के बावजूद भी वहां बने हुए शौचालय एवं मुत्रालय की सफाई विगत चार महीने से मानगो नगर निगम के द्वारा नहीं कराया गया है। प्रतिदिन काम में जाने वाले मजदूरों ने भाजपा नेता विकास सिंह को मौके में बुलाकर स्थिति से अवगत कराया। सोमवार सुबह भाजपा नेता विकास सिंह मौके में पहुंचकर स्थिति अवगत हुए विकास सिंह ने देखा कि पूरा मूत्रालय और शौचालय गंदगी से बजबजा रहा है। विकास सिंह ने कहा कि मामले की जानकारी उपायुक्त महोदय को देते हुए बताया जाएगा की सरकारी खाते में मानगों को ओडीएफ मुक्त बताया गया है देश के प्रधानमंत्री स्वच्छता के लिए गंभीर है उसके बावजूद भी मानगो नगर निगम मानगो के सबसे मुख्य जगह में कितनी बड़ी लापरवाही बरत रहा है तो पूरे मानगों का क्या हाल होगा।

## बालीगुमा में धूमधाम से मनाया गया दिशोम बाहा मिलन समारोह

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** दिशोम जाहेर गाढ़ बालीगुमा की ओर से गत रविवार को दिशोम बाहा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि धाड़ दिशोम देश परगना बैजू मुर्मू विशिष्ट अतिथि मरांग बुरु सावंता सुसार बैसी गिरिडीह के सिकंदर हेम्ब्रम, दुर्गा प्रसाद मुर्मू, सुरेंद्र टुडू, बीजीत मुर्मू, नूनका टूडू आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित प्राप्त दुर्गा प्रसाद मुरमू को साल ओढ़कर तथा सरहाव सकाम से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि बैजू मुर्मू ने कहा कि अपना समाज और संस्कृति बचाए रखने के लिए इस तरह का आयोजन सराहनीय प्रयास है। आदिवासियों का संस्कृति अमूल्य रत्न है।

अभिजीत मुर्मू ने कहा कि आसाम में भी आदिवासी समुदाय अपने धर्म संस्कृति के लिए संघर्ष जोरो से है हमें अपने संस्कृति के महत्व को समझने की जरूरत है।

## 23 को जमशेदपुरवासियों को डबल डेकर एलिवेटेड कोरिडोर का उपहार देंगे गडकरी

खबर मन्त्र ब्यूरो



महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कार्यक्रम की सफलता को लेकर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई।

जमशेदपुर। केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी गुरुवार को जमशेदपुर स्थित पारडीह काली मंदिर से बालीगुमा तक बनने एलिवेटेड डबल कॉरिडोर का बिष्टुपुर गोपाल मैदान से ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री करीब साढ़े दस किलोमीटर लंबे एलिवेटेड डबल डेकर कॉरिडोर (फ्लाइओवर) के शिलान्यास के अलावा शहरबेड़ा से महुलिया फोरलेन का उद्घाटन भी करेंगे। केंद्रीय मंत्री के कार्यक्रम की व्यापक सफलता सुनिश्चित करने को लेकर सोमवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर के जिला पदाधिकारी, मोर्चा के जिलाध्यक्ष एवं विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष की बैठक सांसद विद्युत वरण महतो के बिस्टुपुर स्थित कार्यालय में सम्पन्न हुई। भाजपा जमशेदपुर

बैठक में शामिल सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार ने सांसद विद्युत वरण महतो के द्वारा प्रेषित संदेश को बैठक में रखते हुए बताया कि लौहनगरी वासियों के वर्षों के बहुप्रतीक्षित मांग पूर्ण कर नितिन गडकरी ने शहरवासियों को ऐतिहासिक सौगात दी है। एलिवेटेड डबल डेकर कॉरिडोर के शिलान्यास का क्षण बहुत ही ऐतिहासिक एवं अद्भुत होने वाला है।

## टिमकेन फाउंडेशन ने डेटन इंटरनेशनल स्कूल को बना कर दिया विद्यालय भवन व छात्रावास

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** सोमवार को डेटन इंटरनेशनल स्कूल, तेतला, टाटा-हाता मेन रोड स्थित के द्वारा दुनिया के अग्रणी बियरिंग बनाने वाली कंपनी टिमकेन इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष- इंडिया एवं साउथ-एशिया एवं प्रबंध निदेशक-इंडिया संजय कौल एवं टिमकेन फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष हेनरी एच टिमकेन द्वितीय के भारत आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया एवं झारखंड में बिरसा मुंडा हवाई अड्डा, रांची में आदिवासी समुदाय द्वारा भव्य स्वागत किया गया एवं झारखंड के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ एक औपचारिक मुलाकात की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को झारखंड में टिमकेन इंडिया लिमिटेड एवं टिमकेन फाउंडेशन के द्वारा आदिवासी विकास में किए जा रहे कार्यों पर चर्चा की गई। विदित हो कि जमशेदपुर में टिमकेन फाउंडेशन ने पूर्वी सिंहभूम जिले में पोटका प्रखंड स्थित तेतला पंचायत में डेटन इंटरनेशनल स्कूल एवं हॉस्टल भवन का विधिवत उद्घाटन एवं शीलापट का उद्घाटन टिमकेन फाउंडेशन के कोषाध्यक्ष हेनरी एच टिमकेन द्वितीय के द्वारा किया गया। पोटका प्रखंड, पूर्वी सिंहभूम के तेतला पंचायत स्थित डेटन इंटरनेशनल स्कूल में मुख्य अतिथि अमेरिका से आए हेनरी एच टिमकेन द्वितीय का बहुत बहुत ही गर्म जोशी से आदिवासी पारंपरिक रीति रिवाज से उनका भव्य स्वागत किया गया।

## दिल्ली और हैदराबाद में लॉन्च हुआ एसीसी एरोमैक्स एक्स अल्ट्रालाइट फिलर व इंसुलेशन कंक्रीट

›› एक विशेष प्रकार की खनिज फोम आधारित इन्सुलेटिंग तकनीक से बना है एसीसी एरोमैक्सएक्स

खबर मन्त्र ब्यूरो




**जमशेदपुर/मुंबई।** अडानी सीमेंट की सीमेंट और निर्माण सामग्री कंपनी और अडानी समूह के हिस्से एसीसी लिमिटेड ने दिल्ली और हैदराबाद में अपना नया प्रोडक्ट एसीसी एरोमैक्सएक्स लॉन्च किया है। अत्याधुनिक अल्ट्रालाइट फिलर और इंसुलेशन कंक्रीट वाला यह प्रोडक्ट निर्माण उद्योग में एक नया आयाम जोड़ता है। यह एक विशेष प्रकार की मिनरल फोम-आधारित इंसुलेटिंग तकनीक है और एक अद्वितीय सुपरलाइट कंक्रीट है जो निर्माण के समय ही सतह को इन्सुलेट करने वाला एक लंबे समय तक चलने वाला रूफिंग सॉल्यूशन बन जाता है। एसीसी एरोमैक्सएक्स एक विशेष प्रकार का खनिज इन्सुलेशन फोम है, जिसमें सीमेंटयुक्त घोल होता है, जिसे खास तौर पर वेल-डिस्ट्रीब्यूटेड एयर बबल्स बनाने के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। इसके परिणामस्वरूप वांछित थर्मल इन्सुलेशन हासिल होता है। यह 300 किग्रा/एम3 और उससे अधिक के कम घनत्व में उपलब्ध है और एसीसी के रिसर्च और डेवलपमेंट संबंधी बेहतर अनुभव पर आधारित सटीक फॉमूर्लेशन के कारण कम घनत्व निरंतर कायम रहता है। यह पूरी तरह से आग प्रतिरोधी, लंबे समय तक चलने वाला और टिकाऊ है। यह किसी भी प्रकार के आकार और छिद्रों को भर सकता है। एसीसी एरोमैक्सएक्स डेडवेट को कम करके थर्मल इंसुलेशन और स्ट्रक्चरल एफिशिएंसी के बीच संतुलन के लिए सॉल्यूशंस की एक विस्तृत रेंज प्रदान करता है। एसीसी एरोमैक्सएक्स, अपने बेहतर थर्मल इन्सुलेशन गुणों के साथ, बाहरी तापमान की तुलना में आंतरिक तापमान को नियंत्रित करने में मदद करता है। इस प्रकार, ऊर्जा दक्षता में वृद्धि और जलवायु परिवर्तन से उपजे प्रभाव को कम करना संभव हो जाता है। यह सबसे हल्का है जो स्ट्रक्चर के डेड लोड को काफी कम करता है और मौजूदा भराव समाधानों की तुलना में अधिक स्ट्रक्चरल एफिशिएंसी पैदा करता है। यह न केवल स्ट्रक्चरल एफिशिएंसी लाता है, बल्कि डेडवेट कम होने के कारण लागत दक्षता भी लाता है। सीमेंट बिजनेस के सीईओ अजय कपूर ने कहा, हम रिसर्च और डेवलपमेंट संबंधी अपनी क्षमताओं के माध्यम से कम कार्बन वाले प्रोडक्ट्स और सस्टेनेबल सॉल्यूशंस को विकसित करने के लिए अपने प्रोएक्टिव एप्रोच के अनुसार काम करना जारी रखेंगे। एसीसी एरोमैक्सएक्स के लॉन्च के साथ, ग्राहकों के पास अब ऐसा कंक्रीट चुनने का विकल्प है जो ऊर्जा कुशल और टिकाऊ निर्माण समाधानों के माध्यम से जलवायु परिवर्तन पर उनके प्रभाव को कम करता है। हम अन्य इनोवेटिव ह्यग्रीन सीमेंटह्व समाधानों को लॉन्च करना जारी रखेंगे, क्योंकि हमारे बाजार की सस्टेनेबिलिटी संबंधी जरूरतें विकसित और परिपक्व हो रही हैं।

खबर एक नजर में

## शहीद रघुनाथ महतो की स्मृति में विशाल जनसभा आज, तैयारी पूरी



पूर्व संध्या पर पंडाल का निरीक्षण करते पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो व टीम।

जमशेदपुर। 21 मार्च को शहीद रघुनाथ महतो चुआड सेना के बैनर तले चुआड़ विद्रोह के महानायक शहीद रघुनाथ महतो की 285 वीं जयंती के अवसर पर रीगल मैदान, जमशेदपुर में होने वाली विशाल कुडमी जनसभा की तैयारी पूरी हो चुकी है। पूरे जमशेदपुर शहर को बैनर पोस्टर एवं पिला झंडा से पाट दिया गया है। इस विशाल जनसभा में झारखंड, पश्चिम बंगाल एवं ओडिशा राज्य के लाखों की संख्या में कुडमी समाज के लोग अपनी पारंपरिक वेशभूषा, ढोल-नगाड़ा पारंपरिक हथियार, छऊ नाच, घोड़ा नाच, नटुवा नाच के साथ शामिल होंगे। इस जनसभा के माध्यम से झारखंड, पश्चिम बंगाल एवं उड़ीसा राज्य में निवास करने वाले कुड़मी जनजाति को भारतीय संविधान की अनुच्छेद 342 के तहत अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने एवं चुआड विद्रोह के महानायक एवं प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद रघुनाथ महतो की आदमकद प्रतिमा संसद भवन परिसर में स्थापित करने की मांग केंद्र सरकार से किया जाएगा। मौके पर पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो शीतल ओहदार, हरमोहन महतो, शैलेंद्र महतो, राम प्रसाद महतो, मानिक चंद्र महतो, नारायण महतो, प्रणव महतो, ओमप्रकाश महतो (रामगढ़), दानी महतो, लखी कांत महतो, भोगतरण महतो, शरत महतो, आदि चुआड़ सेना के सदस्य उपस्थित थे।

## सोमनाथ एवं द्वारिका की यात्रा के लिए 78 हिंदू धर्मावलंबी हुए रवाना



बस को हरी झंडी दिखाते एसडीओ पियूष सिन्हा।


**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत बीपीएल श्रेणी के 78 हिंदू धर्मावलम्बियों को द्वारिका व सोमनाथ की यात्रा के लिए समाहरणालय से रांची रवाना किया गया जहां वे ट्रेन से आगे की यात्रा करेंगे। अनुमंडल पदाधिकारी, धालभूम पीयूष सिन्हा ने तीर्थ यत्रियों की बस को हरी झंडी दिखाई तथा सभी यात्रियों से कुशलक्षेम जाना व यात्रा की शुभकामनायें दी। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी सह नोडल पर्यटन पदाधिकारी अविनाश त्रिपाठी व अन्य मौजूद रहे। दिनांक 20 मार्च से 27 मार्च 2023 तक यात्रा निर्धारित है। तीर्थ यात्रियों की देखभाल एवं निगरानी हेतु जिला स्तर से नोडल पदाधिकारी के रूप में सूरज कुमार, कनीय अभियंता एवं सहयोगी सदस्य हेमवती पिंगुवा, कार्यालय अधीक्षक एवं अनिल प्रधान, तकनीशियन ज्रेडा भी गए हैं, जो संपूर्ण यात्रा अवधि में आईआरसीटीसी एवं जेटीडीसी से प्रतिनियुक्त नोडल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर यात्रियों को गंतव्य तक ले जाने एवं तीर्थ यात्रा के पश्चात जिला मुख्यालय तक वापस लाना सुनिश्चित करेंगे।

## आदर्श उच्च विद्यालय,राहरगोड़ा में समारोह पूर्वक मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



जमशेदपुर। रंगारंग कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं के बीच जमशेदपुर के आदर्श उच्च विद्यालय, टेल्को, राहरगोड़ा के विद्यालय परिसर में 20 मार्च 2023 दिन सोमवार को पूर्वाहन 10 :00 बजे से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में बड़े ही उत्साह पूर्ण वातावरण में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधन समिति की कोषाध्यक्ष - वरीय प्रबंधक (अकाउंट सेक्शन) टाटा मोटर्स जमशेदपुर-मनप्रीत कौर ने मौके पर पहुंचकर दीप प्रज्वलित एवं केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव सह वरीय प्रबंधक (आईआर), टाटा मोटर्स जमशेदपुर- सुजीत कुमार झा एवं प्रधानाध्यापक - जनार्दन गिरी की उपस्थिति बनी रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के कर कमलों से विद्यालय में बेहतर कार्यों एवं कार्यक्रम के दौरान आयोजित कैंडल जलाओ प्रतियोगिता के विजयी प्रतियोगियों जिनमें प्रियंका सेनगुप्ता को प्रथम, मोईत्री विश्वास को द्वितीय एवं अनुश्री गोस्वामी को तृतीय जबकि फिल्मों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों में प्रथम स्थान पर कुमारी प्रियंका और कुमारी अनुश्री की जोड़ी रही, द्वितीय स्थान पर कविता कुमारी और रीना कुमारी की जोड़ी और तृतीय स्थान पर रही नूतन कुमारी और निशी किंडो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरीय शिक्षक - सीबी सिंह ने किया, स्वागत संबोधन प्रधानाध्यापक-जनार्दन गिरी ने दिया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन वरीय शिक्षिका-मंजू सिंह ने दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं अन्य विद्यालय कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

## मुसाबनी में संजीव नेत्रालय के सहयोग से नेत्र शिविर संपन्न



**जमशेदपुर।** समाजिक संस्था इंडियन पीस फाउंडेशन के तत्वावधान मे व संजीव नेत्रालय के सौजन्य से इसराइली मोहल्ला, मूसाबनी के हिंदी गर्ल्स मध्य विद्यालय मे एक दिवसीय नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया जिस मे 42 अभावग्रस्त व जरूरतमंद लोगों की आंखों की जांच की गई। जांच में 17 लोग मोतियाबिंद के मरीज पाए गए । उन सभी का नि:शुल्क आपरेशन संजीव नेत्रालय मे 21 मार्च को किया जाएगा। सुनील कुमार, डॉ के.पी मिश्रा व डॉ मोमिता मैरिक की टीम ने रोगियों की आंखों की जांच की। इस नेत्र जांच शिविर के सफल आयोजन मे संस्था के अध्यक्ष निसार करीम व सचिव एम.हसन ने उल्लेखनीय योगदान किया।

# भारत-पाक व्यापार

भारत ने पाकिस्तान के साथ व्यापारिक संबंध कभी भी बंद नहीं किए और देश व्यापारिक संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहता है। समाचार पत्र डॉन की खबर के मुताबिक, पाकिस्तान में भारत के उप उच्चायुक्त सुरेश कुमार ने लाहौर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एलसीसीआई) के एक कार्यक्रम में यह बात कही। उन्होंने कहा, 'भारत हमेशा पाकिस्तान के साथ बेहतर संबंध चाहता है, क्योंकि हम अपना भूगोल नहीं बदल सकते।' उन्होंने कहा, 'हम पाकिस्तान के साथ सामान्य संबंधों की ओर बढ़ना चाहते हैं। हमने पाकिस्तान के साथ व्यापार भी नहीं रोका। पाकिस्तान ने ही ऐसा किया था। 'नयी दिल्ली के 2019 में जम्मू और कश्मीर की विशेष स्थिति को रद्द करने के बाद पाकिस्तान ने भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार को निलंबित कर दिया था। साथ ही इस्लामाबाद में भारत के उच्चायुक्त को निष्कासित कर दिया गया था। पाकिस्तान के साथ भारत का व्यापार 2020-21 में 32.92 करोड़ अमेरिकी डॉलर और 2019-20 में 83.05 करोड़ अमेरिकी डॉलर का था। कोविड-19 महामारी के दौरान भारतीय दूतावास द्वारा पाकिस्तानियों को जारी किए जाने वाले वीजा की संख्या में कमी आई थी, लेकिन अब यह संख्या अब बढ़ गई है। भारत सरकार पाकिस्तानियों को चिकित्सा और खेल वीजा जारी कर रही है। आज कूटनीति पर्यटन, व्यापार और प्रौद्योगिकी से प्रभावित हो रही है। आयात 'हमेशा गलत नहीं होते हैं और इसके फायदे भी होते हैं।' गौरतलब है कि भारत इस समय चीन के साथ 120 अरब अमेरिकी डॉलर का व्यापार कर रहा है, जिसमें व्यापार संतुलन चीन की ओर है। पाकिस्तान की आंतकी जिद के कारण उसे भारी व्यापारिक नुकसान हो रहा है। इस स्थिति में पाकिस्तान डूबने के कगार पर पहुंच गया है।

# विशेष धार्मिक आयोजन

देश के धार्मिक और राजनैतिक चरित्र में बदलाव के इस सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए अब उत्तरप्रदेश सरकार ने प्रशासनिक अधिकारियों को चैत्र नवरात्रि और रामनवमी के दौरान मंदिरों में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने को कहा है। योगी सरकार इन कार्यक्रमों में प्रदर्शन करने के लिए चुने गए कलाकारों को मानदेय के रूप में भुगतान करने के लिए प्रत्येक जिले को 1 लाख रुपये भी उपलब्ध कराएगी। राज्य के संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने 10 मार्च को जारी एक आदेश में कहा है कि चैत्र नवरात्रि का विशेष महत्व है। इस दौरान नकारात्मक ऊर्जा को खत्म करने के लिए देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है, इसलिए इस अवधि में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन प्रस्तावित है। यह आदेश सभी जिला मजिस्ट्रेटों और संभागीय आयुक्तों को भेजा गया है। पत्र में कहा गया है कि प्रत्येक ब्लॉक, तहसील और जिले में आयोजन समितियों का गठन किया जाना चाहिए। यह सुझाव भी दिया गया है कि मंदिरों और 'शक्तिपीठों' में दुर्गा सप्तशती और अखंड रामायण का पाठ कराया जाए। जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए और बड़ी जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। उत्तरप्रदेश सरकार के इस फैसले के बाद यह सवाल उठता है कि क्या यह राज्य संविधान के अनुसार चलेगा या धर्म के आधार पर। और धर्म का मतलब यहां हिंदू धर्म से है, क्योंकि बाकी धर्मावलंबियों को हिंदुत्व के पैरोकार विधर्मी कहते हैं। कर्नाटक में शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पहनने के सवाल पर छात्राओं के साल के साल बर्बाद हो रहे हैं। इस पूरे प्रकरण को लेकर पक्ष और विपक्ष में तर्क दिये जा रहे हैं। सेक्यूलर देश में सरकारी धार्मिक आयोजन को लेकर सवाल उठ रहें हैं तो यह भी कहा जा रहा है कि ऐसे आयोजन से समाज में समरसता फैलती है, सकरात्मक ऊर्जा बढ़ती है।

# प्रकृति का महत्व बताता सरहुल पर्व




**सरहुल (खद्दी)** आदिवासी सरना धर्मावलम्बियों का सबसे बड़ा त्योहार है। इसे धरती पूजा (खेखेल बेंज्जा) कहते है। चैत शुक्ल पक्ष तृतीया को धरती माँ और सूर्य का विवाह किया जाता है। इसलिए सरहुल पूजा को प्रकृति का महापर्व कहा जाता है।

झारखण्ड का सांस्कृतिक महापर्व है- सरहुल प्रकृति, संस्कृति एवं अस्तित्व का रक्षा बोध कराता है सरहुल। यह एक ऐसा पर्व है जिस दिन उमंग और उल्लास की अभिव्यक्ति के लिए सारा आदिवासी समाज एकजुट हो जाता है। बच्चे, बुढ़े, युवक, युवतियाँ सभी सजधज कर प्रकृति की आराधना करते हैं। आदिवासी जीवन के लय को समझना हो तो सरहुल पर्व को देखा जा सकता है।

इस त्योहार में माँ सरना धर्मेश की पूजा होती है। सरना माँ धरती माँ आदि शक्ति है। सरना माँ धरती पर इसके अनेक रूप है। यह जगत में शक्ति की धर्मेश माँ सर्वशक्ति है। यह अपनी शक्ति सूर्य और धरती के माध्यम से प्रदर्शन करती है। सूर्य महान् शक्ति धर्मेश और धरती माँ सूर्य दोनों को मिश्रित शक्ति से मनुष्यों, जीव जन्तुओं, कीड़े-मकोड़ों, पेड़-पौधों, घास-फूसों तथा चराचर जीवों का सृजन होता हैं। इसका प्रमाण है पेड़-पौधे सूर्य की ओर झुक जाते हैं इसीलिए प्रकृति पुत्र आदिवासी इनकी महिमा को कायम रखने के लिए सूर्य और धरती की शादी सरहुल के सुअवरस पर रचाते हैं। इस पर्व में मुख्य रूप से धरती माँ एवं सूर्य का बंधन बांधा जाता है। प्रतीक के रूप में पहान एवं पहनाईन को मानते हैं। सरहुल के पहले सरना धर्म वाले धरती माँ को कुँवारी अविवाहित मानते हैं। इसी कारण सरहुल पूजा के पहले कोई भी नया-फूल, फल नहीं खाते हैं।

सरहुल पूजा में ही धरती सरना माँ और सूर्य धर्मेश के साथ पुरखों के नाम से भी चढ़ावा चढ़ाया जाता है। परम्परा के अनुसार वैवाहिक संस्कार की रस्म पूरी होने के पश्चात् ही प्रजनन क्रिया होती है। उसी प्रकार धरती माता जो सभी जीवधारियों को जननी है, इसका हर वर्ष एक रस्म के अनुसार वैवाहिक संस्कार किया जाता है। यह संस्कार है- सरहुल पूजा। इसके बाद ही वंश बढ़ता है। कहने का मतलब है कि धरती में नये बीज लगते है, इसके बाद ही नये फल-फूल, साग-पो का सेवन किया जाता है। यह विचार हमारे आदिवासी पुरखों का था जो आज भी मौजूद है तथा यह कार्यक्रम सदियों से चला आ रहा है।



- बिरसा उरांव

> पहान गाँव के लोगों के लिए सामूहिक पूजा करता है और हरेक घर के कर्ता भी अपने-अपने घरों में सरना माँ की पूजा-पाठ करते है। सभी घरों में पूर्वजों को कुल देवता मान कर इस अवसर पर उन्हें याद करते हैं। इसलिए पुजारियों को भी नया फल-फुल खाना मना हैं। जिस गाँव के लोग सरहुल के पहले फागुन में गाँव को डाड़ी में सरहुल फूल डाल देते है उस गाँव के लोग सरहुल नहीं हुए गाँवों के लोगों दोषीदार होते हैं।

सरहुल पूजा की तैयारी तो महीने भर पहले ही शुरू हो जाती है। घर की साफ-सफाई के साथ लिपाई-पुताई भी करते हैं। नये बेटी-दामाद को भी बुलाया जाता है। दूसरे दिन समधी-समधों को भी बुलाने की परम्परा है। इस पर्व के खाने में मुख्य व्यंजन डुबकी है जो उरद बरा की तरह ही बनता है। इसके अलावे आज के बदलते परिवेश में अनेक प्रकार के व्यंजन बनाए जाते हैं।

पहान गाँव के लोगों के लिए सामूहिक पूजा करता है और हरेक घर के कर्ता भी अपने-अपने घरों में सरना माँ की पूजा-पाठ करते है। सभी घरों में पूर्वजों को कुल देवता मान कर इस अवसर पर उन्हें याद करते हैं। इसलिए पुजारियों को भी नया फल-फुल खाना मना हैं। जिस गाँव के लोग सरहुल के पहले फागुन में गाँव को डाड़ी में सरहुल फूल डाल देते है उस गाँव के लोग सरहुल नहीं हुए गाँवों के लोगों दोषीदार होते हैं। सरहुल हुए गाँव के लोगों से खान-पान करने वाले व्यक्ति को पूर्व में बतलाये अनुसार अछूत, दोषी और कलंकित व्यक्ति के समान मानते है। बोल चाल की भाषा में इसे सोतरा होना कहते है। इससे संबंधित गाना इस प्रकार है-

कुल्ली अम्बा कला भइया,
कुल्ली नैगस उढ़ारी केरस।
खद्दी चन्दों अम्बा कला भइया,
कुल्ली नैगस सोतेरा मंजस।

चैत महीने में धरती पर विविध प्रकार के पेड़-पौधे, जब नयी पत्तियों और नाना प्रकार के सुगन्धित फूलों से लद जाते हैं। तब ऐसे सुअवसर पर प्रकृति पुत्र उरांवों की उमंगे बढ़ जाती है। उनसे प्रभावित एवं उत्साहित होने से उनके पैरों में एक प्रकार की गति आ जाती है वे नाचने-गाने के लिए बेचैन हो उठते हैं। सभी लोग सरहुल पर्व की तैयारी में जुट जाते है। फगुवा बीतने के बाद युवक-युवतियों के मन में सरहुल मानने की उमंग आ जाती है। वे त्योहार मानने के लिए व्याकुल हो उठते है। उनको व्याकुलता का अंदाज इस गाने से है :-

1)खद्दी चन्दो एदा कोय,
कुल्ला लेक्ख आरेगा लगी।
पाईरी बीरी एदा कोय,
कुल्ला लेक्खा आरेगा लगी।
2)परता मइय्या हकदन जूड़ी
खे-खेल किइय्या मिन्देर ई का मला।
मेना गा मेंज्जकन जूड़ी,
आसिम का मइलदस बअदन॥

पतझड़ के बाद पेड़-पौधे, जैसे हो नयी हरी-भरी पत्तियों और रंग-बिरंगे फूलों के साथ अपने नवजीवन में प्रवेश करते है, वैसे ही प्रकृति पुत्र उरांव, सरना, माँ धरती माँ की पूजा कर नये उमंग के साथ जीवन का शुभारम्भ करते हैं। ये अपने दैनिक जीवन को प्रकृति के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते हैं। प्रकृति के वातारण में घुल मिल जाते है। गीत-गोविन्द, राग और गाजे-बाजे सभी सरहुल राग में होते हैं।

जब बसंत ऋतु आती हैं तब सभी पेड़-पौधे नयी पत्तियों के साथ रंग-बिरंगे मनमोहक फूलों से लद जाते है। उस समय धरती माँ दुल्हिन के समान सज जाती है। सरहुल पूजा में सखुआ के फूल को महिमा इन गानों के द्वारा झारखण्ड में गुंजायमान होती है।

एन्देर पूंपन मेझरकी अयंग?
भाग जोगनी लेखा लवकारकी बरा लागदी
नौर पूंपन मेझरकी अथंग
भागजोगनी लेखा लवकारकी बरा लागदी ..2

इस गाने में बंसत ऋतु में धरती की सुन्दरता का वण्रन है। चारों दिशाओं में सुगंधित फूलों की खूशबू फैलने लगती है। फूलों की खुशबू से धरती का वातावरण मह-मह महक उठता है।

**(करमचंद भगत कॉलेज बेड़ो)**

## खास बात

# कठपुतली से मनोरंजन

**रमेश सर्राफ धमोरा**

हम हर साल 21 मार्च को विश्व कठपुतली दिवस मनाते हैं। इसका उद्देश्य कठपुतली को वैश्विक कला के रूप में मान्यता देना है। प्राचीनकाल से ही जादू टोनों एवं कुदरती प्रकोपों से बचने के लिए मानव जीवन में पुतलों का प्रयोग होता रहा है। भारत में ही नहीं बल्कि अन्यत्र भी काष्ठ, मिट्टी व पाषाण से निर्मित ये पुतले जातीय एवं पारिवारिक देवताओं के रूप में प्रतिष्ठित होते रहे हैं।

कठपुतलियों का इतिहास बहुत पुराना है। ईसा पूर्व चौथी शताब्दी में पाणिनी की अष्टाध्यायी के नटसूत्र में पुतला नाटक का उल्लेख मिलता है। कुछ लोग कठपुतली के जन्म को लेकर पौराणिक आख्यान का जिक्र करते हैं कि शिवजी ने काठ की मूर्ति में प्रवेश कर पार्वती का मन बहलाकर इस कला की शुरूआत की थी। सतवर्द्धन काल में भारत से पूर्वी एशिया के देशो इंडोनेशिया, थाईलैंड, म्यांमार, जावा, श्रीलंका आदि में इसका विस्तार हुआ। आज यह कला चीन, रूस, रूमानिया, इंग्लैंड, चेकोस्लोवाकिया, अमेरिका व जापान आदि अनेक देशों में पहुंच चुकी है। इन देशों में इस विधा का सम-सामयिक प्रयोग कर इसे बहुआयामी रूप प्रदान किया गया है। वहां कठपुतली को मनोरंजन के अलावा शिक्षा, विज्ञापन आदि अनेक क्षेत्रों में इस्तेमाल किया जा रहा है। महाभारत में अर्जुन द्वारा ब्रहन्नला को कठपुतलियों का खेल सिखाने का उल्लेख है। महाभारत में रूपजीवन शब्द का भी काफी प्रयोग हुआ है और वह भी पुतलियों के खेल-तमाशों के संदर्भ में। पंचतंत्र नामक ग्रन्थ में ऐसी कठपुतलियों का जिक्र है जो लकड़ी की खूटियों के सहारे नाना प्रकार के मानवी करतब दिखलाती थीं। विक्रमादित्य के समय सिंहासन बत्तीसी नामक एक ऐसा सिंहासन था जो दिन में सम्राट के बैठने के काम आता था और रात को उसकी बत्तीस कठपुतलियां विभिन्न प्रकार से रागरंग कार्यक्रम कर सम्राट को रिझाती थी। राजस्थान की स्ट्रिंग कठपुतलियां दुनिया भर में मशहूर हैं। ओडिशा, कर्नाटक और तमिलनाडु में भी कठपुतलियों की यही कला प्रचलित है।

# देवी का रूप

## धर्म-प्रवाह

**जीवीएस शास्त्री**

**मां दुर्गा** की उत्पत्ति के संदर्भ में शिव पुराण के अनुसार आदि देव शिव ने लीला शक्ति से अपने आकार यानी मूर्ति की कल्पना की, उसके पश्चात उन्होंने अपने ही विग्रह से एक स्वरूप मूर्त शक्ति की रचना की, जो परा शक्ति की प्रधान, प्रकृति, माया, बुद्धि तत्व की जननी तथा विकार रहित थी। शिव की यही शक्ति अंबिका कहलायी जिसे पार्वती, शिवा, उमा, शैल, तनुजा, शक्ति आदि नामों से पुकारा गया।

मार्कण्डेय पुराण के देवी महात्म्य के अध्याय-2 के अनुसार महिषासुर वध के लिए देवी प्रकट हुईं। सबसे पहले भगवान विष्णु के मुखमंडल से एक प्रकाश पुंज प्रकट हुआ। इसी प्रकार ब्रह्मा एवं शिव आदि देवताओं के शरीर से एक तीव्र तेज निकला, जो मिलकर एकाकार हो गया। उसके पश्चात वह एकाकार रूप एक नारी रूप में परिवर्तित हो गया। उस नारी स्वरूप को शिव के तेज से मुख, यमराज के तेज से बाल, विष्णु के तेज से भुजाएं, चंद्रमा के तेज से वक्ष, इंद्र के तेज से कटि प्रदेश, वरुण के तेज से जंघाएं, पृथ्वी के तेज से नितम्ब, ब्रह्मा के तेज से चरण, सूर्य के तेज से उंगलियां, कुबेर के तेज से नासिका, प्रजापति के तेज से दांत, अग्नि के तेज से तीनों नेत्र और वायु के तेज से कान उत्पन्न हुए।

दुर्गा सप्तशती के अनुसार इस नारी स्वरूपा दुर्गा को असुरों के साथ होने वाले महासंग्राम में विजयश्री प्राप्ति हेतु भगवान शिव ने त्रिशूल, विष्णु ने चक्र, वरुण देव ने शंख, पवन देव ने धनुष बाण और तरकश हैं।

**डेमोक्रेसी** खत्म करने की बात के अलावा राहुल गांधी ने विदेश से तथाकथित लोकतंत्र के रक्षक यूरोप और अमेरिका से सीधे (फींइ्रइ्ल्ल) प्रतिक्रिया की माँग की। प्रतिक्रिया का मतलब यदि हस्तक्षेप नहीं है तो क्या है भारत की आलोचना,घेराव, प्रतिबंध या कुछ और है कांग्रेस जवाब दें और माफी माँगे।

– सुधांशु त्रिवेदी

## आपके ट्वीट

**न न न!** जो वीर सावरकर को समझ ही नहीं सकते, उन्हें कोई सावरकर क्यों समझेगा? वैसे,सावरकर बनना इतना आसान है भी नहीं ! दो - दो काला पानी की सजा भुगतना भला किसी राजकुमार के बस का है क्या?

– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री





**स्कूली** शिक्षा से आगे बढ़कर उच्च शिक्षा हेतु भी कई प्रावधान किए गए हैं। कॉलेजों की पढ़ाई, इंजीनियरिंग, मेडिकल और लॉ आदि की तैयारी का खर्च सरकार देगी। सरकार द्वारा विदेश में भी उच्च शिक्षा हेतु मदद दी जा रही है।

– हेमंत सोरेन

# राष्ट्रभाषा को उपेक्षित कर देश का विकास संभव नहीं

**अवधेश कुमार अवध**

**हर** राष्ट्र की अपनी एक राष्ट्रभाषा होती है इसलिए भारत जैसे सम्प्रभुता सम्पन्न, विशाल, सबसे बड़े गणतन्त्र राष्ट्र की भी अपनी राष्ट्रभाषा होनी चाहिए। यह प्रश्न तब तक उठना स्वाभाविक और उचित भी है जब तक भारत की अपनी राष्ट्रभाषा न चुन ली जाए। लेकिन आजादी के सात दशकों के बाद भी दुर्भाग्यवश अब तक ऐसा नहीं हो सका।

ब्रितानी हुकूमत के समय में हिंदी का पूरे भारत में बोलबाला था। लॉर्ड मैकाले ने ब्रिटेन में हिंदी की व्यापकता और लोकप्रियता को लेकर कई बार ऐसी बातें स्वीकार की थी, पार्लियामेंट में रखी थी। मैकाले ने अपने अध्ययन में यह महसूस किया था कि भारत को यदि और अधिक समय तक गुलाम बनाकर रखना है तो यहाँ की प्रतिष्ठित शिक्षा पद्धति को बंद करना होगा और किया भी। मैकाले के अनुसार, संस्कृत को समाज से दूर और हिंदी को असभ्य/अनपढ़ों की भाषा के रूप में व्यवहृत करना होगा जिससे अंग्रेजी जानने वाले क्लर्क पैदा किये जा सकें। भारत की प्रायः समस्त भाषाएँ संस्कृत से पैदा हुई हैं और इसमें सबसे बड़ी और व्यापक भाषा हिंदी है। इसलिए समस्त भारतीय भाषाएँ हिंदी से कमोबेश सम्बंधित हैं। भारत में अंग्रेजी शासन के प्रति विद्रोह और जनक्रान्ति में हिंदी की भूमिका अग्रणी रही है। आजादी के समर में चाहे नारों की बातें करें या साहित्य की, हिंदी का ही सर्वाधिक योगदान रहा है। न केवल मध्य भारत बल्कि आज का बांग्लादेश, पाकिस्तान, दक्षिण और पूर्वोत्तर भारत भी हिंदी के प्रभाव में था।

## भाषा साहित्य

देश को बाँटने की कुत्सित योजना ने हिंदी भाषा के समक्ष अन्य भाषाओं को विरोधी बनाकर उतारने की चेष्टा की। दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर भारत के कुछ नेता क्षेत्रीय राजनीति की रोटी भाषाओं के तवे पर सेंकने लगे। आजादी के उपरान्त संविधान में एक राष्ट्रभाषा की आवाज तो उठी किन्तु अंग्रेजी परस्त सत्तालोलुप लोगों ने क्षेत्रीय भाषा- भाषियों को भड़काकर अंग्रेजी की जड़ें मजबूत कीं। हिंदी को राष्ट्रभाषा न बनाकर राजभाषा तक सीमित रखा गया और लॉलीपॉप दिया गया कि अंग्रेजी सहायक भाषा बनकर रहेगी और 1965 तक हिंदी को व्यापक बनाकर राष्ट्रभाषा बनाया जा सकता है। अनुच्छेद 343/1 में देवनागरी लिपि में हिंदी को भारत संघ की राजभाषा घोषित किया गया। उसके बाद हिंदी को इतनी ही इज्जत मिली कि इसकी गिनती भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल 22 भारतीय भाषाओं में एक भाषामात्र की है।

एक अन्य संशोधन के अनुसार राज्य सरकारें अपनी पसंद की भाषा में कामकाज संचालित करने के लिए स्वतन्त्र होंगी जबकि राजभाषा अधिधियम 1963 में यह व्यवस्था की गई कि सभी सरकारी प्रयोजनों के लिए अंग्रेजी का प्रयोग किया जाएगा। आज की सच्चाई है कि सहायक भाषा ने राजभाषा को मजदूरों, अशिक्षितों, पिछड़ों और असभ्यों की भाषा बनाकर रख दिया है। अंग्रेजी परस्त लोगों के भीतर अंग्रेजियत मानसिकता और कूटनीति कूट-कूटकर भरी थी। ये काली चमड़ी वाले अंग्रेज आजाद भारत को भी अंग्रेजी और गैर अंग्रेजी के स्तरीकरण के रूप में बनाये रखना चाहा। अंग्रेजी को स्वामित्व के रूप में भारत में कायम रखना चाहा।

हिंदी के सिर पर अंग्रेजी को बैठाने का ही नतीजा है कि बच्चों की प्रथम पाठशाला की संज्ञा प्राप्त पारिवारिक ढाँचा पल- प्रतिपल बिघटित हो रहा है। माँ को मॉम, बापू को डैड, पति को हस्बैंड और चाचा, ताऊ, मामा, फूफा जैसे दर्जनों रिश्तों को एक ₹अंकल₹ में भर दिया। बुआ, चाची, ताई, जैसी नारियाँ ₹ऑंटी₹ में खपाई गईं। बचे खुचे रिश्ते ₹इन लॉजर₹ हो गए। हिंदी की शुचिता पर अंग्रेजी ने छककर विष वमन किया।

## कॉर्टून वर्ल्ड

इनकी दुनिया का सच



साभार कॉर्टून मूववेंट

## लेटर टू एडीटर

### किसान की कराह

**इस** साल मंदी ने आलू किसान की कमर तोड़कर रख दी।किसानों का कहना है कि आलू की कीमतों में भारी गिरावट से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। आलम यह है कि किसानों ने आलू को मंडी में लाना ही बंद कर दिया है। खंड स्तर पर किसानों को मुफ्त भंडारण सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए बाजार के रुख अनुसार उन्हें बेच सके।

**– सुरेन्द्र सिंह हजारीबाग**

### मानसिक दबाव

**राजस्थान** के कोटा शहर को कोचिंग का हब माना जाता है। एजुकेशन हब कहा जाने वाला कोटा शहर अब खुदकशी नगरी बनता जा रहा है। कोचिंग संस्थानों में मैरिट को लेकर बढ़ते हुए प्रेशर से नंबर रेस में भाग रहा स्टूडेंट इस तनाव को सह नहीं पाता। आधुनिक शिक्षा में मेरिट और अच्छे नंबरों का दबाव स्टूडेंट्स पर इतना बढ़ चुका है कि वे मानसिक रूप से उबर नहीं पा रहे हैं। **–प्रिया, रांची**

# चीन में मुस्लिमों की दुर्दशा पर चुप्पी क्यों?

**आर.के. सिन्हा**

**बताया** जा रहा है कि एक-दूसरे के धुर विरोधी रहे सऊदी अरब और ईरान ने अपनी सारी पुरानी अदावत को भूलकर दोस्ती करने का फैसला किया है। इन दोनों देशों को करीबी लाने का श्रेय अब हैरानी की बात यह है कि चीन को दिया जा रहा है। दरअसल सऊदी अरब में एक शिया मौलवी को 2016 में फांसी की सजा दी गई थी और इसी मुद्दे पर 2016 में सऊदी अरब और ईरान के कूटनीतिक संबंध खत्म हो गए थे। तब से ये दोनों देश एक-दूसरे के जानी दुश्मन बन गए थे। सऊदी अरब खुद को सरी दुनिया के सुन्नी मुसलमानों का रहनुमा मानता है और ईरान अपने को शिया मुसलमानों का। ऐसे में इन दोनों के कूटनीतिक रिश्ते बहाल करने के फैसले से सारी दुनिया कुछ हैरान तो अवश्य है।

क्या सऊदी अरब तथा ईरान ने चीन से यह पूछने की हिमाकत करेंगे कि उनके देश चीन में मुसलमानों पर भीषण अत्याचार क्यों हो रहे हैं? वे कब थमेंगे? चीन ने अपने मुस्लिम बहुल शिनजियांग प्रांत में रहने वाले मुसलमानों को पूरी तरह से कसा हुआ है। उन्हें खान-पान के स्तर पर वह सब कुछ करना पड़ा रहा है, जो उनके इस्लाम धर्म में पूर्ण रूप से निषेध है। ये सब कुछ चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के इशारों पर हो रहा है।

पहले तो ये भी खबरें आ रही थीं कि चीन अपने देश के मुसलमानों को रमजान के दौरान रोजा रखने की भी अनुमति नहीं देता। इस सबके बावजूद ईरान, सऊदी अरब तथा इस्लामी दुनिया चीन में मुसलमानों पर हो रहे अत्याचारों पर चुप है। याद नहीं आता कि इन्होंने चीन में मुसलमानों पर हो रही ज्यादतियों पर एक शब्द भी विरोध का दर्ज नहीं किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, चीन के शिनजियांग प्रांत में बने शिविरों में दस लाख से अधिक चीनी मुसलमानों के साथ लगातार जुल्म हो रहा है। सब इसलिए हो रहा है ताकि चीनी मुसलमान इस्लाम को छोड़कर कम्युनिस्ट विचारधारा को अपना लें। वे इस्लाम से दूर हो जाएं। पर समूचा इस्लामी संसार चीन के इस अत्याचार पर चुप है। यही नहीं, इस्लामिक देशों के संगठन ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कांफ्रेंस (ओआईसी) की तरफ से भी चीन को ओआईसी के विदेश मंत्रियों के सम्मेलन में मेहमान शिरकत करने की दावत दी जाती है।

## मंथन

ये निश्चय ही शोध का एक गंभीर विषय है कि चीनी दमन पर इस्लामिक संसार ने आंखों में पट्टी और कानों में रूई क्यों डाल रखी है? चीन अपनी इस सारी कवायद पर भारी-भरकम निवेश कर रहा है। वो मानता है कि ये शिवि? एक प्रकार से मानसिक अस्पताल ही हैं। इनमें वैचारिक रोग (आइडीअलाजिकल इलनेस) का इलाज होता है। चीन का मत है कि ये शारीरिक रोग जैसी ही स्थिति है। शिनजियांग को चीन का क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा प्रांत माना जाता है। ये एक लाख 66 हजार वर्ग मील में फैला है। आप समझ सकते हैं कि यह कितना विशाल हैं। इसकी भी आबादी सवा दो करोड़ के आसपास है। दरअसल शिनजियांग में चीनी सरकार और यहां के वीगर मुसलमानों के लंबे समय से तनातानी चली आ रही है। वीगर मुसलमान भी भारत के कट्टर इस्लामपंथियों की तरह अपने को मध्य एशियाई देशों के करीब मानते हैं। ये सांस्कृतिक स्तर पर अपने को चीन के करीब नहीं मान पाते। शिनजियांग पर कम्युनिस्ट चीन ने 1949 में पूरी तरह से कब्जा जमा लिया था।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# 18 तीर्थयात्री द्वारिका और सोमनाथ के लिए रवाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत बीपीएल श्रेणी के 17 तीर्थयात्रियों और एक नोडल पदाधिकारी को सोमवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा हरी झंडी दिखाकर बस को समाहरणालय परिसर से हटिया स्टेशन, रांची के लिए रवाना किया गया। सभी तीर्थयात्रियों को हटिया स्टेशन से विशेष ट्रेन से द्वारिका और सोमनाथ की तीर्थ यात्रा पर ले जाया जाएगा। तीर्थयात्रियों का यह जत्था निर्धारित तीर्थस्थलों के दर्शन उपरांत 27 मार्च को वापस हटिया स्टेशन पहुंचेगा। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत द्वारिका और सोमनाथ की यात्रा पर जा रहे सभी यात्रियों के लिए आवश्यक प्रबंध किये गये हैं। जिला योजना पदाधिकारी, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, गोपनीय प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**RCD, ROAD DIVISION, JAMSHEDPUR, JHARKHAND**

**e-Procurement Notice**
**For National Competitive Bidding**
**e-Tender Reference No. RCD/JAMSHEDPUR/451 Date 18.03.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | (A) Construction of H.L. Bridge on Local Nala of Potka-Kudada Road at Ch. 10+400km, (B) Construction of H.L. Bridge on Local Nala of Begnadih-Potka Road at Ch. 5+852 km for the year 2022-23 |
| 2. | Estimated Cost of Work (in INR) | Rs 5,95,68,757.41 (Rupees Five Crore Ninety Five Lakh Sixty Eight Thousand Seven Hundred & Fifty Seven - Paise Fourty One Only). |
| 3. | Initial Bid Security (Rs In Lacs) | Rs 5,96,000 (Rupees Five Lakh Ninety Six Thousand Only). |
| 4. | Initial Bid Security in the shape of | Bank Guarantee valid for minimum 45 days beyond the Bid validity period of 120 days in the shape of 5 Yr NSC/ 3 or 5 Yr FD issued by any Indian Post offices/ 3 or 5 Yr FD issued by any Nationalized/Scheduled Bank. |
| 5. | Time of Completion | Nine Months. |
| 6. | Date of Publication of Tender on website | 22.03.2023 at 10.30 A.M. |
| 7. | Start date of bidding | 22.03.2023 from 10.30 AM |
| 8. | Last date & Time for online bidding | 11.04.2023 up to 02.00 P.M. |
| 09. | Type of Bid | Two envelope mode (Technical and Financial Bid) |
| 10. | Last date & time for receipt of Bid Security and other documents in hard | 13.04.2023 upto 12.00 noon either by Speed post or by hand. |
| 11. | Place of depositing the receipt of Bid Security, Cost of Bid and other documents in hard form | a) Office of the Chairman, e-Procurement Cell, Room No. 330A, 3rd floor, Road Construction Department, Jharkhand Mantralaya , Dhurwa , Ranchi. (b) e-Procurement cell, Office of The Chief Engineer (Comm), RCD, Jharkhand, 1st Floor, Engineer's Hostel No. 2, Near Dhurwa Golchakkar, Ranchi |
| 12. | Date & time for opening of Technical Bid | 13.04.2023 at 3.30 PM by , e-Procurement Cell, Room No. 330A, 3rd floor, Road Construction Department, Jharkhand Mantralaya , Dhurwa , Ranchi |
| 13.. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, RCD, Road Division, Jamshedpur, Road No.- 1, CH Area. |
| 14. | Contact no. of Procurement officer | 8809347906 |
| 15. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
Informations written above are tentative/indicative. Details NIT and other details can be seen on tender portal which will be final and binding subject to corrigendum, if any required.

Executive Engineer
RCD, Road Division, Jamshedpur

PR 293055 Road(22-23).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा अन्तर्गत आमंत्रित ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – RDD/SD/LOHARDAGA/E-49/2022-23 PR No. 292355 Garhwa(22-23)#D द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से संशोधित किया जाता है।

| क्र | विवरण | पूर्व प्रकाशित तिथि / समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 15.03.2023 | 21.03.2023 |
| 2 | ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 21.03.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक | 28.03.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 3 | ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय | 22.03.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक | 29.03.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक |
| 4 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 23.03.2023 अपराह्न 2:00 बजे | 31.03.2023 अपराह्न 2:00 बजे |

निविदा सूचना की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

PR 293105 Lohardaga(22-23)#D



**Govt. of Jharkhand**
**Office of the Executive Engineer**
**Soil Investigation Division, Advance Planning,**
**Road Construction Department, Ranchi.**
Nirupan Bhawan, 3rd Floor, Room No. 413, Doranda, Ranchi-834002.
Email- eercdapsid-jhr@nic.in

**e-Procurement Very Short Term Notice**
**e-Tender Ref No: RCD/SID/AP/RAN/31/2022-23 Dated-18.03.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Feasibility Report of Dhobi More (Telco) to Bada Banki NH-33 Road, (Dist.- Jamshedpur), in the state of Jharkhand. Tentative Length –8.10 km from the consultants empanelled with RCD under category- I vide letter No. 3063 (S) dated-22.08.2022. |
| 2 | Tentative Length of Work | 8.10 km |
| 3 | Period of Completion of Work | 30 Days |
| 4 | Date/Time of Publication of Tender on Official Website | 21.03.2023, 05:00 PM |
| 5 | Last Date/Time of Bid Submission | 28.03.2023, 11:30 AM |
| 6 | Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD | 28.03.2023, 11:30 AM |
| 7 | Date and Time of Bid opening | 29.03.2023, 12:30 PM |
| 8 | Tender Inviting Authority | E.E, S.I.D, A.P., RCD, Ranchi, Ph.- 0651-2490406 |
| 9 | Bid Submission Address | Chief Engineer (Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No.-2, Dhurwa, Ranchi-834004 |
| 10 | Mode of Bid Submission | e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in) |

For further information please go through the website e-tendering (http://jharkhandtenders.gov.in)

Sd/-
Executive Engineer
Soil Investigation Division,
Advance Planning, R.C.D, Ranchi.

PR 293149 Road(22-23)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, धनबाद**

**अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई-निविदा (1st Call) निविदा सूचना सं०-RCD /DHANBAD/384/2022-23 दिनांक : 20.03.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल, धनबाद अन्तर्गत "सिजुआ-राजगंज पथ (कुल लम्बाई- 9.20 कि०मी०) के राईडिंग क्वालिटी में सुधार (Improvement of Riding Quality) कार्य" (वित्तीय वर्ष 2022-23)। |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू०) | रू० 8,45,16,500 /– |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 45 दिन |
| 4. | ई-निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 18.04.2023 के पूर्वाह्न 12.00 बजे तक |
| 5. | ई-निविदा का बेबसाईट पर प्रकाशन की तिथि एवं समय | 03.04.2023 के पूर्वाह्न 10.30 बजे से |
| 6. | ई-निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, धनबाद। |
| 7. | ई-प्रोक्यूरमेन्ट अधिकारी का सम्पर्क नं० | 0326-2313368 |
| 8. | ई-प्रोक्यूरमेन्ट सेल का सम्पर्क सहायता नम्बर | 0651-2401010 |

विस्तृत जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, धनबाद

PR 293178 Road(22-23)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, धनबाद**

**अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई-निविदा (2nd Call) निविदा सूचना सं०-RCD /DHANBAD/367/2022-23
दिनांक : 18.03.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | "Widening of Existing RUB (Rail under Bridge) Bridge No.-1, Gaya Bridge of Railway at Km 12.00 of NH-32 in Dhanbad (i.e. Construction of new RUB beside of Existing RUB) under Plan head for the year of 2022-23". |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू०) | रू० 23,84,81,900 /– |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 18 माह |
| 4. | ई-निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 11.04.2023 के पूर्वाह्न 12.00 बजे तक |
| 5. | ई-निविदा का बेबसाईट पर प्रकाशन की तिथि एवं समय | 28.03.2023 के पूर्वाह्न 10.30 बजे से |
| 6. | प्री-बीड मिटिंग की तिथि एवं समय एवं स्थान | 05.04.2023 के 12:00 बजे दोपहर से मुख्य अभियंता (या०) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं०-02, धुर्वा रॉची। |
| 7. | ई-निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, धनबाद। |
| 8. | ई-प्रोक्यूरमेन्ट अधिकारी का सम्पर्क नं० | 0326-2313368 |
| 9. | ई-प्रोक्यूरमेन्ट सेल का सम्पर्क सहायता नम्बर | 0651-2401010 |

विस्तृत जानकारी http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमण्डल, धनबाद

PR 293181 Road(22-23).D


### चैनपुर के लंगड़ा मोड़ व आस-पास के क्षेत्रों में हो रहा है अवैध ईंट भट्ठा का संचालन

# भट्ठा में ईंट पकाने के लिए किया जा रहा है जंगल के लकड़ियों को काटकर इस्तेमाल

### अवैध भट्ठे के संचालन से पर्यावरण प्रदूषण के साथ जंगल को उजाड़ने का किया जा रहा है काम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के लंगड़ा मोड़ तथा उसके आस पास कई जगहों पर बिना किसी अनुमति के नियमों को ताक में रखकर सरकारी व निजी जमीन में अवैध तरीके से बे रोक टोक ईंट बनाने का धंधा चल रहा है। ईंट बनाने के क्रम में पर्यावरण को प्रदूषित किया जा रहा है। वहीं इस कारोबार से लाखों रुपए की रायल्टी का चुना तो लग रहा है, साथ ही आबोहवा प्रदूषित होने की वजह से लोगों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा। इस अवैध ईंट व्यवसाय से जंगल, जमीन, जल का अस्तित्व भी खतरे में पड़ गया है। इसके बावजूद खनन विभाग के अफसर यह न झांकने जाते है ना प्रखंड प्रशासन इसपर रोक लगाती है। जानकारी के अनुसार ईंट भट्ठे की आड़ में ये लोग जंगल क्षेत्रों में पेड़ों की अवैध रूप से कटाई भी करा रहे हैं और इन्हीं लकड़ियों से ईंट पक्का रहे हैं। ऐसी जगहों पर ईंट भट्ठा संचालन की अनुमति मिलने से प्रशासन की कार्यशैली पर भी प्रश्न चिन्ह लग रहा है। भट्ठों में ईंटों को पकाने के लिए पेड़ों की कटाई कर उनकी लकड़ी का उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। चंद दिन पहले भटठे से कुछ दूरी पर वन विभाग ने ढेरो कटे पेड़ तथा लकड़ी काटने की मशीन भी उक्त स्थल से बरामद किया गया था। ग्रामीणों की माने तो वो सारी लकड़िया इन्ही भट्ठे में इस्तेमाल किये जाने थे। ईंट भट्ठे वाले हरियाली का विनाश करने के साथ ही वातावरण को भी प्रदूषित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रखी है।


इसी स्थान पर संचालित है अवैध ईंट भट्ठा

## झामुमो युवा मोर्चा गठन को लेकर हुई बैठक

**लोहरदगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति की बैठक जिला अध्यक्ष मुजम्मिल अहमद की अध्यक्षता में जिला कार्यालय लोहरदगा में रखी गई। जिसमें मुख्य रुप से संगठन को लेकर चर्चा की गई। मौके पर युवा मोर्चा कमेटी का गठन को लेकर आए हुए नामों का केंद्रीय कमेटी को भेजने का निर्णय लिया गया। जिसमें अध्यक्ष के लिए अजय उरांव, उपाध्यक्ष के लिए सैफुल्ला अंसारी, सचिव के लिए अख्तर अंसारी का नाम प्रस्ताव में आया। जिला अध्यक्ष मुजम्मिल अहमद ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमेटी आने वाले चुनाव को लेकर पूरा तैयारी कर रही है। बैठक में जिला सचिव केंद्रीय सदस्य समीद अंसारी, केंद्रीय सदस्य विनोद यादव, जिला उपाध्यक्ष तिवारी उरांव, जिला उपाध्यक्ष मुकेश साहू, अजय उरांव, एनुल अंसारी, संजु तुरी, लालू लोहरा आदि मौजूद थे।

### जिला स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में उपायुक्त की अध्यक्षता में संपन्न

# झारखंड का पहला टीबी मुक्त जिला गुमला को बनाने के लिए युद्ध स्तर पर करें काम: उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से जिले में चल रही विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा की गई। सीजनल इन्फ्लुएंजा ( एच1 एन1, एच3 एन3) ,टीबी उन्मूलन, कुपोषण उन्मूलन, 15वें वित्त आयोग अंतर्गत बनाये जाने वाले हेल्थ सब्सेंटर आदि को लेकर विभिन्न निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित सिविल सर्जन द्वारा सीजनल इन्फ्लूएंजा के संबंध में जानकारी दी एवं जिले में इसके बचाव के संबंध में बताया। उन्होंने बताया कि यह एक तीव्र श्वसन संक्रमण है। यह सीजनल वायरस के कारण होता है। उपायुक्त ने गुमला जिले को झारखंड का पहला टीबी मुक्त जिला घोषित करने की दिशा में सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों को युद्ध स्तर पर कार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि अभियान के रूप में सभी बीडीओ अपने अपने क्षेत्र के छूटे हुए टीबी मरीजों को भी चिन्हित कर ले एवं उन्हें आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएं। उपायुक्त ने जांच की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रखंड स्तर पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन किए जाने की बात कही गई। जिसकी सूची जल्द ही जारी कर दी जाएगी। उपायुक्त ने नेशनल हेल्थ मिशन अंतर्गत फैमिली प्लानिंग, इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी एवं इम्यूनाइजेशन की भी समीक्षा की। उन्होंने इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी को शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया। एएनएम के माध्यम से सभी गर्भवती महिलाओं को इंस्टीट्यूशनल डिलीवरी हेतु काउंसलिंग करने का निर्देश दिया। इसके अलावा बच्चों के इम्यूनाइजेशन पर भी विशेष ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने 15 वें वित्त से बनने वाले हेल्थ सब सेंटरों का निर्माण के समय में ही निरीक्षण करते हुए आवश्यकतानुसार बदलाव कराने का निर्देश दिया। बैठक में एसडीओ सदर सह चैनपुर, सिविल सर्जन , एसीएमओ सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।


बैठक में निर्देश देते उपायुक्त व उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी

## उपायुक्त ने हंस फाउण्डेशन के मोबाईल मेडिकल यूनिट का किया शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा सोमवार को हंस फाउण्डेशन की ओर से संचालित चार मोबाईल मेडिकल यूनिट का शुभारंभ किया गया। इन मोबाईल मेडिकल यूनिट (मेडिकल वैन) के द्वारा वर्तमान में चार प्रखण्डों-सेन्हा, कुडू, भण्डरा और सदर प्रखण्ड के 20-20 राजस्व ग्रामों में लोगों को चिकित्सीय जांच, ईलाज व दवाओं की निःशुल्क सुविधा मुहैया करायी जाएगी। इस मेडिकल वैन में मेडिकल अफसर, फार्मासिस्ट, लैब तकनीशियन और एएनएम की टीम रहेगी जो प्रतिदिन गांव-गांव जाकर मरीजों की जांच, ईलाज के साथ-साथ दवाईयां उपलब्ध कराएगी। आवश्यकतानुसार, गंभीर मरीजों को सदर अस्पताल, लोहरदगा में रेफर करने का भी कार्य यह टीम करेगी। उपायुक्त श्री कृष्ण ने इस मौके पर कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में यह मेडिकल कैंप की तरह होगा जहां लोगों को एक ही जगह विभिन्न तरह के रोगों की जांच की सुविधा मिलेगी।


सुभारंभ करते डीसी

### तम्बाकू नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# जागरूकता ही बचाव का उपाय: प्रोफेसर स्नेह कुमार


विजयी प्रतिभागी के साथ अतिथि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा मधुसुदन लाल अग्रवाल महिला महाविद्यालय में तंबाकू नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर स्नेह कुमार द्वारा किया गया। मौके पर उन्होंने कहा कि युवाओं को अपनी ऊर्जा अच्छे कार्यो में लगाने चाहिय।तम्बाकू ऐसा जहर है जिससे स्वम के साथ साथ परिवार और समाज तबाह हो जाता है ।हम सभी को इसके लिए जागरूक होना जरूरी है। एम पी डब्ल्यू आलोक कुमार ने स्कूल के विद्यार्थियों के बीच तम्बाकू कार्यक्रम क्यों करना अनिवार्य है इस विषय पर चर्चा की।उन्होंने बताया कि समाज मे जागरूकता पढ़े लिखे लोग ही ले सकते है।हम सभी घर से लेकर समाज मे तम्बाकू के फायदे एवं नुकसान की चर्चा कर इसका समाधान कर सकते है।

एम पी डब्ल्यू मनीष कुमार ने तम्बाकू नियंत्रण पर छात्राओं के बीच विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि केरल ऐसा राज्य है जो पुर्ण रूप से नो टोबैको राज्य है वही चंड़ीगढ़ ऐसा शहर है जो भारत मे सबसे पहले नो टोबैको शहर हुआ।

# चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर हो रहा है साबित: शिव

### घाघरा का वार्षिक उत्सव सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल रन्हे में घाघरा का वार्षिक उत्सव सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस के प्रदेश महासचिव शिव कुमार भगत, विशिष्ट अतिथि कल्याणकारी मानव विकास संस्थान के सचिव अनिरुद्ध चौबे व पूर्व शिक्षक चैत टोप्पो थे। अतिथियों ने कार्यक्रम का शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन व माल्यार्पण कर किया। इस दौरान विद्यार्थियों के समक्ष वार्षिक प्रगति पत्र का वितरण किया गया। साथ ही मेधावी छात्र छवि उरांव, रोशन महतो, सुजीत उरांव, अनीशा उरांव, चिराग उरांव व अनीश कुजूर को साइकल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि शिव कुमार भगत ने कहा चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल बच्चों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हो रहा है। विद्यार्थियों के भविष्य के लिए काफी बेहतर कार्य विद्यालस में किया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण कर अपने भविष्य के प्रति इमानदारी पूर्वक मेहनत करने की बात कही। उन्होंने कहा आज के युवा ही देश के भविष्य है और युवाओं का भविष्य निर्धारण विद्यालय से ही शुरू होता है। कल्याणकारी मानव विकास संस्थान के सचिव अनिरुद्ध चौबे ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जो परिवर्तन हो रहा है उसका ताजा उदाहरण चिल्ड्रन एकेडमी रन्हे है। विद्यार्थियों को विद्यालय के द्वारा हर आधुनिक तकनीक से शिक्षा प्राप्त कराई जा रही है। यह विद्यालय क्षेत्र के बच्चों के लिए काफी सराहनीय कार्य कर रहा है। इस अवसर पर चैत टोप्पो, सुशील टोप्पो, विजय कुमार साहू के अलावे कई लोग मौजूद थे।


कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करती बच्चियां

# प्रतिबंधित गुटखा की बिक्री पर हर हाल में लगाए रोक : डीडीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में जिला खाद्य सुरक्षा परामर्शदात्री समिति की बैठक सोमवार को जिला परिषद् कार्यालय,लोहरदगा स्थित सभाकक्ष में हुई। बैठक में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि 11 तरह के प्रतिबंधित पान मसाले (रजनीगंधा, पान पराग, विमल, बहार, शिखर, दिलरुबा, राजनिवास, मुसाफिर, मधु, सेहरत और पान प्रीमियम) की बिक्री, भण्डारा, वितरण एवं सेवन से संबंधित जिला में कार्रवाई की गई है। जिसमें अब तक कुल छहः तरह के प्रतिबंधित पान मसाला विक्रेताओं पर कुल 52 हजार रुपए का जुमार्ना किया जा चुका है। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के उल्लंघन के आलोक में जिला में कुल 14 खाद्य कारोबारियों पर जुमार्ना किया गया है जिसमें साफ-सफाई में अनियमितता पाये जाने वाले 09 कारोबारियों पर 48 हजार रुपए का जुमार्ना, मिठाई में अखाद्य रंगों का प्रयोग करनेवाले 02 कारोबारियों पर चार हजार रुपए का जुमार्ना और गलत फूड प्रोडक्ट बेचने वाले 03 दुकानदारों पर 25 हजार रुपए का जुमार्ना किया गया है। उप विकास आयुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि प्रतिबंधित पान मसालों से संबंधित कार्रवाई निरंतर जारी रहनी चाहिए। खाद्य सामग्रियों की जांच नियमित रूप से हो और सैंपल जांच की संख्या बढ़ायी जाए। ज्यादा से ज्यादा सैंपल लोहरदगा जिला से जांच के लिए भेजा जाए। जनवितरण प्रणाली के तहत आपूर्ति किये जाने वाले फोर्टिफायड चावल व नमक के बारे में लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करने का कार्य किया जाए। जनवितरण प्रणाली दुकानों से भी सैंपल लेकर जांच कराया जाए। मध्याह्न भोजन बनानेवाली रसोइया/ आंगनवाड़ी सेविका/ सहायिका/ स्ट्रीट फूड वेंडर को फूड सेफ्टी ट्रेनिंग व सर्टिफिकेट का एफएसएसएआई द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंसी द्वारा प्रशिक्षण दिये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यालय परमेश्वर प्रसाद, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी राजा कुमार, आत्मा परियोजना उप निदेशक तृप्ति तिर्की, एपीआरओ आशीष कुमार, एलजीएसएस सचिव सीपी यादव समेत अन्य आमंत्रित सदस्य उपस्थित थे।


बैठक करती डीडीसी

स्पीड न्यूज

## टैंकर से पेयजलापूर्ति करने की मांग

**मझिआंव।** नगर पंचायत मझिआंव के निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी ने कार्यपालक पदाधिकारी निकिता बाला को लिखित आवेदन देकर नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में टैंकर के माध्यम से पेयजलापूर्ति करने की मांग की है। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि पिछले वर्ष वर्षा नहीं होने के कारण इस वर्ष समय से पहले पड़ रही भीषण गर्मी के कारण चापाकल एवं कुआं का जल स्तर समय से पहले काफी नीचे चला गया है। जिसके कारण नगर पंचायत क्षेत्र में पेय जल की समस्या उत्पन्न होने की प्रबल संभावना है।

## चंद्र बहादुर सिंह बने राज्य कमेटी के कार्यकारी सदस्य

**गढ़वा।** रांची बिरसा मुंडा स्टेडियम में आयोजित झारखंड वेटलिफ्टिंग संघ के चुनाव में गढ़वा जिला वेटलिफ्टिंग संघ के सचिव चंद्र बहादुर सिंह को अगले चार वर्ष के लिए राज्य कमेटी में कार्यकारी सदस्य के रूप में चुना गया है। यह गढ़वा जिला के वेटलिफ्टिंग के खिलाड़ियों के लिए बहुत ही हर्ष का विषय है। इस अवसर पर वेटलिफ्टिंग संघ के खिलाड़ियों ने उम्मीद जताई कि राज्य कमेटी में दायित्व मिलने से जिला में इस खेल का विकास बहुत तीव्र गति से होगा।

## जायंट्स का पद प्रतिष्ठापन समारोह दो अप्रैल को

**गढ़वा।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में शहर के ज्ञान निकेतन स्कूल के सभागार में ग्रुप के अध्यक्ष ध्रुव केशरी की अध्यक्षता में 2023 के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के पद प्रतिष्ठापन समारोह के आयोजन को लेकर कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से दो अप्रैल को दोपहर में जायंटस परिवार गढ़वा के सभी ग्रुप जायंटस गढ़वा, जायंटस सहेली तथा जायंटस आस्था के पदाधिकारियों का पद प्रतिष्ठापन समारोह का आयोजन स्थानीय ज्ञान निकेतन स्कूल में करने का निर्णय लिया गया।

## रमना में चार सेंटरों पर परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**रमना।** झारखंड अधिविद्य परिषद् के द्वारा आयोजित दसवीं की परीक्षा सोमवार को रमना प्रखंड के चार सेंटरो पर ली गई। छात्र-छात्राओं ने सामाजिक विज्ञान की परीक्षा दिया। दसवीं की परीक्षा को लेकर जमा दो उच्च विद्यालय रमना, बालिका उच्च विद्यालय, राजकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग एक तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय रमना में सेंटर बना है।

## शांति समिति की बैठक आयोजित

**कांडी।** थाना परिसर में रामनवमी पर्व को लेकर सोमवार को शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ मनोज कुमार तिवारी ने की। बैठक में इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने कहा कि रामनवमी पर्व प्राचीन काल से शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाता रहा है। इसलिए इस वर्ष भी शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण तरीके से यह पर्व मनाएं। कोई दिक्कत हो तो पुलिस को सूचित करें, जिससे कि ठीक समय पर पुलिस पहुंच सके। बीडीओ ने कहा कि सरकार के द्वारा जारी गाइडलाइन का अनुपालन करना जरूरी है।

## कोयला चोरी मामलों की जांच की मांग

**टंडवा (चतरा)।** सीसीएल की मगध, आम्रपाली, पिपरवार एवं अशोका सहित चतरा जिला के सभी कोल परियोजना क्षेत्रों से इन दिनों लगातार कोयला की चोरी हो रही है। इस मामले को लेकर सिमरिया विधानसभा विधायक किशुन कुमार दास ने शून्यकाल के दौरान सदन में यह मामला उठाया और राज्य सरकार से इस मामले की जांच सीबीआई, एनआईए या किसी स्वतंत्र एजेंसी से कराने की मांग की है। उन्होंने सदन को बताया कि सीसीएल की इन परियोजनाओं से प्रतिदिन सैंकड़ों ट्रक- हाईवा से कोयला की चोरी की जा रही है, जिससे करोड़ों रुपए की अवैध वसूली जिला प्रशासन और पुलिस की मिलीभगत से हो रही है। श्री दास ने सदन के माध्यम से कहा कि सीसीएल द्वारा खदानों से अवैध कोयला उत्खनन कर चोरी करवाया जा रहा है, जिसे नकेल कसने की मांग राज्य से सरकार की है।

### अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने सुनाई सजा

# दहेज हत्या के दो आरोपी को आजीवन कारावास

### दस हजार रुपए जुर्माना भी लगाया, जुर्माना नहीं देने पर छह माह अतिरिक्तसश्रम कारावास

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नवविवाहिता सकीना खातून की दहेज की खातिर हत्या के एक मामले में दो लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनायी गयी है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय की अदालत ने सोमवार को दो आरोपियों मृतका के पति जुबेर अंसारी एवं सास नुरेशा खातून को 304बी के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। वही न्यायालय ने 498ए में प्रताड़ित करने का दोषी पाते हुए 3 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई, साथ ही 10 हजार जुर्माना भी लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर छह माह अतिरिक्तसश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी। न्यायालय ने 201 आईपीसी में साक्ष्य छुपाने का दोषी पाते हुए 3 वर्ष सश्रम कारावास एवं 10 हजार जुर्माना लगाया, जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्तसजा भुगतनी होगी। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। उक्त मामला वर्ष 2014 के 10 सितंबर की है।

**क्या है मामला :** घटना के

**मामला जयनगर थाना क्षेत्र का**



सूचक मृतक का पिता सलीम अंसारी ने पुलिस को दिए बयान में कहा था कि उसकी पुत्री सकीना खातून की शादी वर्ष 2011 में ग्राम चदरा पिपराडीह थाना जयनगर निवासी सिराज मियां के पुत्र जुबेर अंसारी के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुई थी। शादी के 6 माह तक मेरी पुत्री को ससुराल में ठीक से रखा गया। उसके बाद दो लाख दहेज की मांग जेसीबी खरीदने के लिए की जाने लगी, नहीं दिए जाने पर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। इसे लेकर तीन-चार बार गांव में पंचायती भी कई की गई मगर ससुराल वालों पर कोई फर्क नहीं पड़ा। उसके बाद 10 सितंबर 2014 को ग्रामीणों के द्वारा सूचना दी गई कि उसकी पुत्री की लाश कुएं में है। सूचना मिलने पर जब वह पहुंचे तो पुत्री के ससुराल के सारे लोग गांव छोड़कर भाग गए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि उसके पति जुबेर अंसारी, ससुर सिराज मियां, सास नूरेशा खातून एवं अन्य लोगों ने दहेज के खातिर उसकी पुत्री की हत्या कर साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से कुएं में फेंक दिया। इसे लेकर जयनगर थाना कांड संख्या 170/2014 दर्ज किया गया था। बताते चलें कि सभी फरार आरोपी न्यायालय के निर्देश के बाद पुलिस के दबाव पड़ने पर करीब 2 साल बाद 2016 में कोर्ट में सरेंडर किया था।

## दशवीं के उत्प्रेषित छात्र-छात्राओं को दी गयी विदाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत नावाडीह पंचायत के शिवसागर स्थित के. एंजेल एडुकेशनल एंड वेल्फेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित संत पल पब्लिक स्कूल के विद्यालय प्रांगण में दशवीं के उत्प्रेषित छात्र-छात्राओं के लिए विदाई कार्यक्रम एवं बारहवीं वर्षगांठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जिप सदस्य शांति प्रिया मौजूद रहीं। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मुखिया नावाडीह कुमुद देवी, पंचायत समिति सदस्य देवंती देवी, समाजसेवी संजय पासवान, भूनेश्वर दास, सुबोध यादव, दिनेश साव थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मंच संचालन धीरज कुमार, उमेश कुमार ने किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं के द्वारा एक से बढ़कर एक गीत-संगीत व नृत्य की प्रस्तुति ने सबों का मन मोह लिया। इस अवसर पर वर्ग नवम के बच्चों द्वारा दशम के बच्चों को विदाई दी गई। वहीं जिप सदस्य शांति प्रिया ने कहा आज के समय में शिक्षा ही अनमोल रत्न है। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है एवं बच्चों को नम आंखों से विदाई देते हुए सबों को शुभकामनाएं दी। वहीं विद्यालय के निर्देशक राजेश कुमार गुप्ता ने बच्चों को शुभकामनाएं व अपने आशीर्वचन दिये। मौके पर राजेश कुमार गुप्ता, लवली कुमारी, शिक्षक महेश कुमार, धीरज कुमार, अक्षय कुमार, मुकेश कुमार, सुमित मुखर्जी, बसंत शर्मा, कन्हैयालाल, पंकज कंधवे, मनोज गुप्ता, शंकर पंडित सहित सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्रा मौजूद थे।

## दो छात्रा घायल, एक की स्थिति गंभीर


**सतगावां (कोडरमा)।** दसवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा देकर आ रही दो छात्रा को पिकअप वैन ने टक्कर मार दी। मिली जानकारी के अनुसार सतगावां थाना क्षेत्र के ग्राम चांदडीह के समीप पीडब्ल्यूडी सड़क पर एक पिकअप वैन बीआर27जीए/2445 ने टक्कर मार दी। बताते चलें कि दो छात्रा 16 वर्षीय सुप्रिया कुमारी पिता कपिल प्रसाद, 16 वर्षीय सिंधू कुमारी पिता सिकंदर प्रसाद दोनों सिहास निवासी है। वहीं सुप्रिया कुमारी और सिंधू कुमारी दोनों राज्य संपोषित प्लस 2 उच्च विद्यालय से दसवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा में सामाजिक विज्ञान की परीक्षा देकर अपनी घर वापस लौट रही थी।

### वन अग्नि रोकथाम व सुरक्षा को लेकर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक संपन्न

## जंगल की सुरक्षा हम सभी का दायित्व : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** वन उत्पादकता संस्थान झारखंड रांची से प्राप्त मार्गदर्शन पर उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में दामोदर नदी के वानिकी द्वारा कायाकल्प एवं वन अग्नि रोकथाम व सुरक्षा को लेकर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम वन अग्नि रोकथाम व सुरक्षा के लिए विचार-विर्मश किया गया। वहीं डीएफओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि जंगल में आग लगने का मुख्य दो कारणों से होता है, एक तो प्रातिक कारणों से या दुर्घटनावश आग लग जाना, वहीं दूसरा महुआ चुनने के लिए आग लगाना, जो भी ग्रामीण जंगलों में महुआ या अन्य किसी काम के लिए जाते हैं, उनके द्वारा जंगलों में आग लगा दी जाती है, जिससे जंगलों की वन संपदा सहित वन्यजीवों को भी नुकसान होता है। वहीं जंगल में आग लगने से रोकने के लिए डीएफओ ने सभी वनपाल के बीच उपायों को भी साझा किया। वहीं उन्होंन कहा कि महुआ चुनने वालों पर नियंत्रण करने की जरुरत है। इसके लिए महुआ चुनने वालों के लिए जेएसएलपीएम के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया जाये। उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि चाहे वन विभाग हो या पुलिस प्रशासन या प्रखंड स्तर के कर्मी, जंगल में आग लगने के सूचना मिलती है, तो उसे तत्काल बुझाने का कार्य करें। ताकि ससमय आग को बुझाया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि जंगल में आग लगने से रोकथाम के लिए लोगों को जागरुक करेंगे। महुआ चुनने वालों गांव का चिन्हित करने के लिए सर्वे करने का निर्देश जेएसएलपीएस को दिया गया और उन्हें जागरुक करने की बात कही। वहीं उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि जंगलों में अवैध रुप से शराब बनाने वालों के खिलाफ वन विभाग, पुलिस प्रशासन व उत्पाद विभाग संयुक्त रुप से छापेमारी करते हुए सख्त कार्रवाई करें।



### भारतीय वन सर्वेक्षण के द्वारा पोर्टल पर करें निबंधन : डीएफओ

डीएफओ ने कहा कि भारतीय वन सर्वेक्षण के द्वारा पोर्टल का निर्माण किया गया है। आंगनवाड़ी कर्मी, वन समिति के सदस्य, शिक्षक, एएनएम, प्रखंड व पंचायत स्तर के कर्मियों को पोर्टल पर निबंधन कराना है। पोर्टल के माध्यम से जंगल में आग लगने की सूचना सेटेलाइट के माध्यम से मिल जाती है। सभी बीडीओ एवं सीओ को निर्देश दिये कि लिंक के माध्यम से प्रखंड व पंचायत स्तर के कर्मी, सेविका, सहियका, एएनएम, रोजगार सेवक, षि मित्र समेत सभी लोगों का ज्यादा से ज्यादा निबंधन करायें। मौके पर एसपी कुमार गौरव, डीडीसी ऋतुराज, एसडीओ संदीप कुमार मीणा, एसी अनिल तिर्की, सीएस ड अनिल कुमार, जिला षि पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस समेत सभी प्रभारी वनपाल व वनपाल मौजूद थे।

## थाना दिवस पर सात मामलों का हुआ निष्पादन

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना परिसर में जमीन संबंधित विभिन्न मामलों को लेकर सोमवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 11 मामले आये, जिसमें उसमें से कुल 7 मामलों का निपटारा किया गया। इस मौके पर अंचल से आए अंचल निरीक्षक एवं राजस्व निरीक्षक की उपस्थिति में किया गया। मौके पर थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा, एसआई सुनील कुमार आदि लोग मौजूद थे।

## जिला सलाहकर कमिटी की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त सह जिला समुचित प्राकािरी शेखर जमुआर की अयक्षता में सोमवार को जिला सलाहकार कमिटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में अल्ट्रासाउंड क्लीनिक व सेंटर, पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत रजिस्टर्ड क्लीनिक, पिछले बैठक में लिए गए निर्णय का अनुपालन, नए अल्ट्रासाउंड केंद्र के लिए प्राप्त आवेदन एवं रिन्यूअल को लेकर कमिटी द्वारा विचार विमर्श किया गया। बैठक के प्रारंभ में जिला कार्यक्रम प्रबांक प्रवीण सिंह ने पीसी-पीएनडीटी ऐक्ट पर प्रेजेंटेशन के मायम से संक्षिप्त जानकारी दिया। बैठक में डीसी ने आईसी प्लान पर चर्चा कर प्रखंड एवं जिला स्तर पर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने सीएससी केंद्र के सशक्तिकरण को लेकर एक्शन प्लान तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही नए अल्ट्रासाउंड केंद्र को लेकर प्राप्त आवेदन की अच्छे से समीक्षा उपरांत प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से गढ़वा एसडीओ राज महेश्वरम, मुख्य चिकित्सा पदाकािरी ड अनिल कुमार, जिला आरसीएच पदाकािरी, जिला समाज कल्याण पदाकािरी, सूचना एवं जन सम्पर्क पदाकािरी, चिकित्सा पदाकािरी, अपर मुख्य चिकित्सा पदाकािरी डॉ स्नेहलता राज, आईएमए के अयक्ष, लायन्स कल्ब गढ़वा के अयक्ष, लायन्स क्लब गलोरियस के अयक्ष आदि उपस्थित थे।



बैठक करते डीसी व अन्य

## एसडीओ ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी राज महेश्वरम ने जिले में आयोजित वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्र राजकीयत बालिका उच्च विद्यालय गढ़वा एवं ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल गढ़वा का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान राजकीय बालिका उच्च विद्यालय गढ़वा में परीक्षा केंद्र पर प्रतिनियुक्त सहायक शिक्षक कौशलेश तिवारी को परीक्षा में परीक्षार्थियों को सहयोग करते, नकल कराते देखा गया। जहां एक बेंच पर 3-3 परीक्षार्थियों को बैठाया गया था।

# चौधरी मेडिकल सेंटर का उद्घाटन

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



उद्घाटन करते अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** डंडा प्रखंड के भिखही पंचायत के बोंगासी, गढ़वा-शाहपुर मुख्य मार्ग पर भिखही मोड़ के समीप चौधरी मेडिकल सेंटर का उद्घाटन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि सेवानिवृत रेलवे कर्मचारी रामगति देवी, विशिष्ट अतिथि डंडा जिला पार्षद अजय कुमार चौधरी, पूर्व डंडा जिला पार्षद प्रतिनिधि विजय चौधरी, पूर्व प्रमुख सह भिखही मुखिया वीरेन्द्र चौधरी, समाजसेवी ललन चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया।

## 11 दिवसीय वार्षिक महोत्सव का शुभारंभ आज

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेराल।** प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम मंदिर का तीसरा वार्षिक महोत्सव का शुभारंभ मंगलवार को किया जाएगा। 11 दिवसीय महोत्सव की तैयारी अंतिम चरण में है। कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए सोमवार को मंदिर संचालन समिति के पदाधिकारियों की एक बैठक हुई। बैठक के बाद संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत कहा कि हजारों लोगों के आस्था का केंद्र मां शायर देवी धाम का भव्य व आकर्षक मंदिर निर्माण के उपलक्ष में इस वर्ष तीसरा वार्षिक महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। 11 दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ 21 मार्च दिन मंगलवार की शाम 6 बजे गढ़वा के प्रसिद्ध मानस मंडली द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ से किया जाएगा। 22 मार्च को प्रातः 8 बजे से जल यात्रा के साथ 9 दिवसीय श्री राम चरित्र मानस नवाह्न परायण महायज्ञ तथा मेला प्रारंभ होगा। 22 मार्च से 30 मार्च तक प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से वृंदावन धाम के कलाकारों द्वारा रासलीला का आयोजन किया जाएगा।

30 मार्च को यज्ञ की पूर्णाहुति के पश्चात महा भंडारा का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव के अंतिम दिन 31 मार्च की रात्रि में भोजपुर (बिहार) के प्रसिद्ध भोजपुरी गायक सुरेश तिवारी एवं औरंगाबाद (बिहार) के विकास तूफान के बीच दुगोला चैता का आयोजन किया जाएगा। श्री भगत ने श्रद्धालुओं से अपने परिवार तथा इष्ट मित्रों के साथ आयोजित सभी कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील किया। मौके पर मुख्य संरक्षक प्रेमचंद प्रसाद, कार्यक्रम के प्रभारी विजय प्रसाद, कृष्णा प्रसाद कुशवाहा, विनोद प्रसाद, मोतीचंद प्रसाद, अंबिका यादव, राजेंद्र प्रसाद, रामेश्वर विश्वकर्मा, मनोज जायसवाल, रामप्रीत ठाकुर, विनोद कुशवाहा, विजय ठाकुर, राजबली यादव सहित कई लोग थे।



बैठक में उपस्थित लोग

### एक नजर में

## फॉर्म के अभाव में निराश लौटे लाभार्थी

**सिमरिया।** प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को श्रम नियोजन प्रशिक्षण विभाग के निदेर्शानुसार बेरोजगार युवाओं के लिए जिला नियोजनालय चतरा के तत्वावधान में निबंधन शिविर का आयोजन किया गया। निबंधन शिविर का प्रचार-प्रसार सही तरीके से नहीं होने के कारण प्रखंड क्षेत्र के बहुत कम बेरोजगार युवा शिविर में पहुंचे। शिविर में विभाग के कर्मियों के द्वारा बेरोजगार युवाओं को फार्म उपलब्ध नहीं कराने के कारण उसे भी निराश होकर बिना निबंधन कराए वापस लौटना पड़ा।

## सूखे पेड़ की डाली गिरने से व्यक्ति गंभीर

**कोडरमा।** डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत ढाब रोड मस्जिद मुहल्ला श्रीराम चौक के समीप सोमवार सुबह करीब 10:30 बजे सूखे पेड़ की डाली मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति पर गिरने से व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार डोमचांच काली मंडा नीचे टोला निवासी 42 वर्षीय राजू मेहता पिता शंकर मेहता अपने घर से मोटरसाइकिल पर सवार होकर हाई स्कूल के समीप अपने खेत जा रहा था।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में डीएमएफटी प्रबंधकीय समिति की बैठक सम्पन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) प्रबंधकीय समिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट के वार्षिक कार्य योजना का निर्माण, ग्राम सभा से पारित योजनाओं का अनुमोदन, डीएमएफटी अन्तर्गत क्रियान्वित योजनाएँ की घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान करने हेतु बैठक की गई। बैठक में ग्राम सभा से पारित विभिन्न योजनाओं यथा सभी प्रखंड व मुख्यालय में बहुद्देश्यीय सामुदायिक भवन सह स्किल सेंटर का निर्माण, किसानों को रोबोटिक सोलर पंप सेट/ सयंत्र/ उपकरण का वितरण, सड़क दुर्घटना के लिए जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में ट्रॉमा सेंटर का निर्माण, इ-मेडिकेशन व टेलीकंसल्टेशन, +2 विद्यालयों में लाइब्रेरी मटेरियल, सभी प्रखण्डों में कंप्यूटर प्रशिक्षण हेतु कोचिंग, आंगनबाड़ी निर्माण व आंगनबाड़ी केंद्रों में फूड बास्केट की व्यवस्था, दिव्यांगों के लिए आवश्यक उपकरण समेत विभिन्न योजनाओं को अनुमोदन की स्वीकृति के लिये रखा गया। सभी योजनाओं पर क्रमवार चर्चा करने के उपरांत सभी ठोस और जिला के लिए हितकारी योजनाओं को उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में डीएमएफटी प्रबंधकीय समिति द्वारा स्वीकृति दी गई।

साथ ही उपायुक्त ने सभी स्वीकृत योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी स्वीकृत योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु अपने स्तर से लगातार मोनिटरिंग करें। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलीस अधीक्षक राकेश रंजन, उत्तरी वन प्रमण्डल पदाधिकारी राहुल मीना, पंचायत राज पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## डीएसओ ने 48 पीडीएस दुकानों पर की कार्रवाई, विशेष टीम का गठन

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** बीते 10 मार्च को मुख्यमंत्री द्वारा जारी निर्देश के अनुसार जिले में पीडीएस दुकानों की जांच के लिए डीसी अबू इमरान द्वारा विशेष टीम का गठन किया गया था। जिले के नगर परिषद क्षेत्र के अतिरिक्त सभी प्रखंडों में संचालित 890 जन वितरण प्रणाली दुकान हैं।जिसमें से करीब 65 दुकानों की जांच की गई। जांच के बाद 48 दुकानों के खिलाफ विशेष जांच टीम के द्वारा रिपोर्ट सौंपी गयी। उपायुक्त श्री इमरान से जांच रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए डीएसओ को संबंधित दुकानों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। डीएसओ ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 6 को निलंबित कर 42 से स्पष्टीकरण मांगा है।

## जन सूचना अधिकार मंच ने समस्या का निवारण करने की मांग की

**कोडरमा।** सूचना अधिकार मंच कोडरमा के सचिव आरक़े.बसंत ने करमा पंचायत के कार्डधारियों का स्थानांतरण खरकोटा के डीलर रमेश राणा के यहां अवैध रूप से किए जाने पर इससे संबंधित पदाधिकारी को कटघरे में खड़ा किया है। बसंत ने इस अवैध कार्य में संलिप्त मार्केटिंग अवसर पर डीलर रमेश राणा से लेन-देन का आरोप लगाकर करमा के लगभग 50 बीपीएल कार्डधारियों को परेशान करने एवं 25 किलोमीटर दूर से जनवरी 2023 से ही राशन लेने को विवश कर देने पर सवाल उठाया है।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत तीर्थ यात्रियों की बस हुई रवाना



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** विकास भवन गेट से सोमवार को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत तीर्थ यात्रियों की बस को उपायुक्त अबु इमरान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उपायुक्त श्री अबु इमरान ने सभी तीर्थ यात्रियों से उनका कुशलक्षेम एवं स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लिया साथ ही सभी को शुभकामनाएं देते हुए जिले के बेहतर के लिए प्रार्थना करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि आप सभी सकुशल तीर्थ यात्रा कर वापस लौटे। इस क्रम में जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत बी पी एल श्रेणी के 60 साल से ऊपर के तीर्थयात्रियों को विशेष ट्रेन द्वारा रांची से ट्रेन के माध्यम से द्वारकापुरी और सोमनाथ मंदिर तीर्थ यात्रा कराया जायगा। चतरा से कुल 27 तीर्थयात्रियों को तीर्थ दर्शन हेतु भेजा गया है। साथ ही आज दिनांक 20.03.2023 के संध्या हटिया रेलवे स्टेशन, रांची से झारखंड के सभी जिलों से आए तीर्थयात्रियों को विशेष ट्रेन से रवाना किया जाएगा। बस रवानगी के मौके पर उपायुक्त के अलावे उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, योजना पदाधिकारी अनूप कुमार, समेत जिले के कई अधिकारी मौजूद थे।

# पांच लाख का इनामी टीएसपीसी का सबजोनल कमांडर दशरथ उरांव उर्फ रौशन ने पलामू आइजी व एसपी के सामने किया आत्म समर्पण

## 12 साल माओवादी संगठन में रहने के बाद 2015 में टीएसपीसी में जुड़ा हुआ था, चर्चित कटिया मुठभेड़ में था शामिल दशरथ उर्फ रौशन जी









आत्म समर्पण करते सबजोनल कमांडर दशरथ उरांव उर्फ रौशन जी, चेक प्रदान करते पदाधिकारी, दशरथ उरांव उर्फ रौशन जी

## सरकार की आत्मसर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित हो कर पुलिस के समक्ष किया सरेंडर: दशरथ उरांव

**दशरथ उरांव उर्फ रौशन जी ने सरेंडर करने के बाद पत्रकारों को बताया कि परिवार वालों ने उसे सरेंडर करने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन व अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने सरेंडर करने के लिए प्रस्ताव भेजा था। बाद में वह सरकार की आत्मसपर्ण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित हो कर पुलिस के समक्ष सरेंडर किया। उसके दस्ते के अनिल उरांव ने भी पुलिस के समक्ष सरेंडर किया था और अभी जेल से बाहर निकला है। दशरथ उरांव के दो बेटे हैं जिसमें एक रांची मे कॉलेज में पढ़ता है।**

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** सरकार की आत्मसपर्ण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर व परिवार वालों के प्रेरित करने पर प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी का सब जोनल कमांडर दशरथ उरांव उर्फ रौशन जी ने सोमवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमपर्ण कर दिया। सरकार ने उस पर पांच लाख रुपए का इनाम रखा था। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में पलामू प्रक्षेत्र के आईजी राजकुमार लकड़ा व पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के समक्ष उसने आत्मसमपर्ण किया। मौके पर सीआरपीएफ 11 वीं बटालियन के कमाडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी एवं द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कनौजिया एवं सीआरपीएफ 214 बटालियन के कमांडेंट केडी जोशी व द्वितीय कमान अधिकारी अभिनव आंनद मुख्य रूप से मौजूद थे। आईजी व एसपी समेत अन्य पुलिस अधिकारियों ने दशरथ उरांव उर्फ रौशन जी को शॉल व बुके भेंट कर समाज के मुख्यधारा में लौटने पर बधाई दी। उसे पांच लाख रुपए का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया गया। मौके पर दशरथ उरांव उर्फ रौशन जी के परिजन भी मौजूद थे। ज्ञात हो कि रौशन जी सुईंया टांड़ टंडवा के रहने वाले है। आईजी राजकुमार लकड़ा ने अन्य सभी माओवादी एवं उग्रवादियों से आत्मसमपर्ण कर समाज के मुख्यधारा में जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज उनके सभी बच्चे खुशहाल दिख रहे है।

**आक्रमण गंझू के साथ कई घटनाओं को दिया है अंजाम :** दशरथ उरांव उर्फ रौशन जी टीएसपीसी के रिजनल कमांडर आक्रमण गंझू के दस्ते में सब जोनल के पद पर था। टीएसपीसी उग्रवादी संगठन में रह कर उसने कई नक्सली घटनाओं को अंजाम दिया है। उसके उपर लातेहार, चंदवा, हेरहंज व मनिका, टंडवा व कुंदा थाना क्षेत्रों में 59 मामले विभिन्न संगीन धाराओं में दर्ज हैं।

**माओवादी संगठन में रह चुका है, कटिया मुठभेड़ में था शामिल :** टीएसपीसी में जाने से पूर्व दशरथ उरांव उर्फ रौशन जी माओवादी संगठन में 2004 से था। वह माओवादी सुप्रीमो बड़ा विकास व नीतीश के दस्ते में सब जोनल कमांडर के पद पर था। माओवादियों में रहते हुए उसने वर्ष 2013 में चर्चित कटिया मुठभेड़ समेत अन्य कई बड़ी नक्सली घटनाओं को अंजाम दिया था। बता दें कि कटिया मुठभेड़ काफी चर्चित हुआ था। सात जनवरी 2013 को तत्कालीन बरवाडीह थाना क्षेत्र के गणेशपुर पंचायत के कटिया के जंगल में माओवादी एवं पुलिस के बीच भीषण मुठभेड़ हुई थी। इस मुठभेड़ में दस जवान शहीद हो गये थे। माओवादियों ने एक जवान के शव में आइडी प्लांट कर दिया था। रांची रिम्स में पोस्टमार्टम के दौरान इसका खुलासा हुआ था।

**इन पुलिस पदाधिकारियों ने सरेंडर के लिए किया प्रेरित :** दशरथ उरांव उर्फ रौशन जी को सरेंडर करने के लिए एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र व अजीत कुमार, पुलिस निरीक्षक लातेहार अंचल बबलू कुमार, चंदवा थाना प्रभारी अमीत कुमार गुप्ता, पुनि शशिरंजन कुमार बालूमाथ, लातेहार थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी, हेरहंज थाना प्रभारी शुभम कुमार, बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत कुमार, बारियातू थाना प्रभारी मुकेश चौधरी, छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, पुअनि धमेंद्र महतो व रंजीत राम ने प्रेरित किया।

## चोरी कांड का उदभेदन हेतु सीआईडी जांच की मांग

**लातेहार।** जिले समेत पूरे राज्यभर में प्रसिद्ध सनातनियों के लिए आस्था का केंद्र माँ उग्रतारा मंदिर नगर में रखे दानपेटी से गुप्त दान में दिए गए पैसों को अज्ञात चोरों ने चुरा लिया। चोरी कांड के एक माह बीत जाने के बाद भी कांड का उदभेदन नही होने से क्षुब्ध सनातनियों ने सोमवार को भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव की अगुवाई में लातेहार एसपी अंजनी अंजन से मिले। एसपी से मिलकर सनातनियों ने अबतक चोरी कांड का उदभेदन नही होने पर अपनी गहरी चिंता जाहिर की। प्रतुल ने कहा कि एक माह में ऐसे चोरीकांड का उदभेदन नही हो पाया जिस जगह से लाखों लोगों का श्रद्धा जुड़ा हुआ है।

## रेल कर्मियों को प्रताड़ित करना बंद नहीं किया गया तो होगा उग्र आंदोलन: सुनील

### रनिंग कर्मचारियों पर हो रहे प्रताड़ना के विरोध में ईसीआरकेयू ने किया विरोध प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के आह्वान पर ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के शाखा सचिव सुनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में सोमवार को रनिंग कर्मचारियों की समस्याओं और विभिन्न मांगों को लेकर बरवाडीह स्टेशन के क्रू लॉबी के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया। जहां सुनील सिंह ने कहा कि रेल के परिचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ-साथ चौबीसों घंटो अनवरत कार्य करने वाले रनिंग स्टाफ लोको पायलट एवं ट्रेन मैनेजर को रेल प्रशासन बेहतर सुविधा देने के बजाय उनका शोषण कर रही है। रनिंग कर्मचारियों को मानसिक प्रताड़ना देने के साथ-साथ विपरीत परिस्थितियों में भी उनसे कार्य करवाया जा रहा है। सुनील सिंह ने कहा कि यदि समय रहते रेल प्रशासन ने रेल कर्मियों को प्रताड़ित करना बंद नहीं किया तो आने वाले दिनो में आन्दोलन का स्वरूप उग्र होता जायेगा। जिसकी सारी जवाबदेही रेल प्रशासन की होगी। वहीं धरना प्रदर्शन के उपरांत सीएलआई एच कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर अध्यक्ष अनील कुमार, संयुक्त सचिव श्रीकांत विमल, उपाध्यक्ष अरुण कुमार, युवा सचिव ऋषि राज, युवा अध्यक्ष उपेंद्र पाल, उपाध्यक्ष अभिमान कुमार, संगठन सचिव सरोज कुमार, कोषाधक्ष निखिल कुमार, आशुतोष कुमार, संजय कुमार, देवनंदन आर्या, मनीष कुमार और अमित कुमार सहित सैकड़ों रेल कर्मचारियों ने भाग लिया।



रेल प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते ईसीआरकेयू

## बेमोसम बारिश और वज्रपात से किसानों की फसलें हुई बर्बाद

**बरवाडीह।** मार्च महीने में बदले अचानक मौसम की स्थिति ने किसानों के लिए कहर बरपा दिया है। रविवार को पूरी रात हुई तेज बारिश और वर्जपात ने किसानों के फसलों को काफी नुकसान पहुंचाया है। बीते दिनों हुई तेज बारिश, ओलावृष्टि और आंधी से खेतों में लगाई गई गेहूं, चना, सरसों, मटर और अरहर आदि फसलें बर्बाद हो चुकी हैं। सब्जियों को भी नुकसान होने की सूचना मिल रही है। रविवार की रात हुई तेज बारिश के दौरान हुए वर्जपात से मोरवाई पंचायत के सैदुप स्थित पुरानी बस्ती निवासी बली सिंह के घर के समीप रखे पुआल के झाले में भीषण आग लग गई। किसानों के खेतों में पानी भर गया हैं।

### एक नजर में

## बीपीएम की बाइक चोरी

**लातेहार।** ज्ञानतारा जिला साक्षरता समिति के बीपीएम संदीप प्रजापति की मोटरसाइकिल की चोरी समाहरणालय परिसर से हो गयी। प्रजापति ने बताया कि वे नित्य की भांति समाहरणालय के पास ?स्थित फूलो-झानो कैंटिन के पास अपनी मोटरसाइकिल (जेएच-03डी-3161) खड़ी कर अपने कार्यालय गये थे। जब वे वापस लौटे तो वहां अपनी मोटरसाइकिल को गायब पाया। उन्होने आसपास के क्षेत्रों में काफी खोजबीन की लेकिन उनकी मोटरसाइकिल नहीं मिली। श्री प्रजापति ने इस चोरी की घटना की सूचना सदर थाने को दी है। समाहरणालय परिसर से बाइक चोरी होने पर स्थानीय लोगों काफी संशकित है।

## बरवाडीह में पंचायत कार्यकारणी की बैठक में प्रोटोकॉल का उलंघन

**बरवाडीह।** बरवाडीह पंचायत सचिवालय में आयोजित पंचायत कार्यकारिणी की बैठक में सोमवार को मुखिया कालो देवी की अध्यक्षता में विकास कार्यों पर चर्चा की गयी। बैठक में पंचायत के विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए मुखिया ने कहा कि पंचायत के विकास के लिए जनउपयोगी योजनाओं को लिया जाए और उसे शीघ्रता से पूरा किया जाए। उन्होंने वार्ड सदस्यों को दूरगामी योजनाओं को निर्धारित करने की बात कही ताकि उसके पुरा होने के बाद पंचायत में विकास की गति को बढ़ावा मिले। वहीं पंचायत कार्यकारणी की बैठक में प्रोटोकॉल को दरकिनार किया गया। देखा गया की कुछ वार्ड सदस्यों की जगह उनके पति बैठक में उपस्थित थे। हालांकि शिकायत के बाद उन्हें बैठक से बाहर कर दिया गया। वहीं बैठक में उपस्थित पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमार ने बताया कि कार्यकारणी की बैठक में प्रोटोकॉल के तहत पंचायत समिति सदस्यों को सूचना दी जाती है, लेकिन ऐसा नहीं किया गया हैं। उन्होंने कार्यकारणी की बैठक में खानापूर्ति किए जाने का आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत वरीय अधिकारियों से करने की बात कही है। वहीं बैठक में 16 वार्ड सदस्यों के 9 वार्ड सदस्य ही उपस्थित थे। मौके पर पंचायत सेवक गोपाल सिंह,15 वें वित्त के प्रखंड समन्वयक मंजीत सिंह, रोजगार सेवक शीतल कुमारी, उप मुखिया ललिता देवी सहित कई वार्ड मेंबर मौजूद थे।

## नायक घासी विकास समिति की बैठक हुई संपन्न

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड स्थित जोगियाडीह ग्राम में रिंकू नायक के घर में जिला स्तरीय नायक घासी समाज समिति की बैठक हुई ।बैठक में जिला स्तर से लेकर प्रखंड स्तर तक की कमिटी का चुनाव किया गया ।साथ ही समाज के बारे में विस्तृत चर्चा की गई ।मौके पर बोलते हुए रिंकू नायक ने कहा कि समाज को कैसे सुधारा जाए बच्चों लड़के और लड़कियों की शिक्षा पर ध्यान दिया जाए,साथ ही लोग शराब ना पिये तभी हमारा समाज विकसित होगा। आज समाज का शराब की वजह से विकास नहीं हो पा रहा है ना बच्चों की शिक्षा दी जा रही है ना घर में अपने बच्चे बच्चों को सुधारा जा रहा है। बैठक में जिला स्तरीय से लेकर प्रखंड स्तरीय कमिटी का चुनाव किया गया।

## ट्रस्ट के द्वारा 30 बच्चो के बीच पठन-पाठन सामग्री का वितरण



वितरण करते ट्रस्ट जिला प्रभारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी के संस्थापक अमल दास के निदेर्शानुसार लातेहार जिला के भुसूर पंचायत में 30 बच्चो के बीच पठन-पाठन सामाग्री वितरण किया गया। वहां उपस्थित महिलाओ को जिला प्रभारी राजू सिंह ने बताया कि लड़की को आज के समय मे कभी कमजोर ना समझे बालिकाओ को आगे बढ़ाने के लिए सुकन्या ट्रस्ट हर संभव मदद कर रही है।

## सड़क दुर्घटना में एक महिला घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ पर बनियों ग्राम के समीप वाहन के धक्के से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रानी देवी 25 वर्ष पति गोविंद कुमार ग्राम खलारी जिला रांची निवासी अपने पति के साथ बाइक में बैठकर डाल्टेनगंज से खलारी अपने घर जा रही थी। इसी दौरान बनियो ग्राम के समीप पीछे से एक अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी और फरार हो गया। जिससे महिला बाइक से गिर पड़ी और गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेश राम की देखरेख में महिला का प्राथमिक उपचार किया गया।

## सरहुल पर्व के पूर्व संध्या मनाने का निर्णय



बैठक करते आदिवासी लोहरा समाज के लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** बारियातू प्रखण्ड अन्तर्गत अमरवाडिह पंचायत के प्रधान कार्यालय रहैया मे आदिवासी लोहरा समाज के बैनर तले बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता पिन्टु लोहरा ने किया। बैठक में प्रकृतिक के महापर्व सरहुल से सम्बंधित विभिन्न प्रकार के चर्चा की गई. आदिवासी लोहरा समाज के वरिष्ठ मनोज लोहरा,पिन्टु लोहरा व राजुरामबृक्ष लोहरा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सरहुल प्रकृति का पर्व है,हम जो कुछ भी पाते हैं, प्रकृति से हीं पाते हैं। प्रकृति हमारे लिए पुज्यनीय है। इस लिए सरहुल को प्रकृति का महापर्व कहते है। आदिवासी समुदाय जल जंगल जमीन से जुड़े हुए हैं। इस लिए सरहुल को आदिवासी का त्योहार कहा जाता है, जबकि वास्तव में प्रकृति किसी के साथ भेदभाव नहीं करता है। प्रकृति सबको समान रूप से देता है। अतः इसके त्योहार को सभी समुदायों द्वारा मनाया जाना चाहिए। बैठक में सर्वसम्मति से दिनांक 23 मार्च दिन गुरुवार को (समय दोपहर 1 बजे) सरहुल पर्व पुर्व संध्या मनाने का निर्णय लिया। यह कार्यक्रम आदिवासी लोहरा समाज के नेतृत्व में धुमधाम से मनाया जाएगा। इस महत्वपूर्ण मौके पर संतोष लोहरा, मिथलेश लोहरा, रंजित गंझु प्रदिप गंझु सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे।

## ट्रांसपोर्टरों से वार्ता के बाद मगध कोलियरी में कोयला ढुलाई प्रारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र स्थित सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी में सोमवार को विस्थापित प्रभावित ट्रक ओनर एसोसिएशन मगध की भाड़ा वृद्धि को लेकर बैठक चमातु स्तिथ पहाडी मंदिर मैदान में हुई। बैठक में ट्रांसपोर्टर, लिफ्टर और ट्रक मालिक मौजूद रहे। मौके पर ट्रांसपोर्टर और ट्रक मालिकों के बीच ट्रक का भाड़ा बढ़ाने पर सहमती बनी। जिन-जिन ट्रांसपोर्टरों द्वारा भाड़ा बढ़ाने पर सहमति दी गयी उनका लोडिंग कार्य शुरू कर दिया गया। जिसमें ओडिशा मेटालिक का 2000, कुसमाही साइडिंग का 650, रामगढ़ का 1200, जमुरिया का 2000 प्रति टन भाड़ा देने पर सहमति बनी। वहीं सेल कोयला का भी दूरी के हिसाब से भाड़ा तय किया गया और ट्रांसपोर्टिंग कार्य शुरू कर दिया गया। बता दे कि भाड़ा वृद्धि की मांग को लेकर विस्थापित प्रभावित ट्रक ओनर एसोसिएशन मगध के ट्रक मालिकों ने बीते एक सप्ताह से आंदोलन छेड़ रखा था और स्वतः अपनी ट्रकों को खड़ा कर दिया था आंदोलन में देवलगडा, कुंडी, चमातू, आरा कोलियरी सहित बालूमाथ, शेरगड़ा, कामता, राहम, गनेशपुर सहित कई जगहों के ट्रक शामिल थे। मौके पर बालूमाथ उपप्रमुख कामेश्वर राम, सतनारायण साव, त्रिवेणी साव, विजय साव, मिथुन साव, कुलदीप कुमार, रोहित कुमार, मोहन साव, खुशियाल साव, रंजीत यादव, महेश यादव, सुनील यादव, पारस उराँव, जगेश्वर उरांव, मदन कुमार, अजय कुमार, राजेंद्र राम, प्रेम कुमार, चंद्रिका कुमार, शेखर पांडे, बिट्टू पांडे, अभिषेक कुमार, अजीत कुमार, मो. शहजाद, मो.इनामुल अंसारी, मो.शहबाज, मो.नेहाल, पाली महतो, रविंद्र कुमार, कृष्णा यादव, राजेश राम, शंभू साव,मुकेश कुमार,पंकज सिन्हा,कमलेश सिंह,राजू सिंह सहित कई ट्रक मालिक उपस्थित रहे।



बैठक करते लोग

## छठ महापर्व, रामनवमी व सरहुल को लेकर वीकेएस ने की बैठक

**चंदवा।** आगामी चैती छठ महापर्व व रामनवमी व राजकीय सरहुल महोत्सव को लेकर विवेका नंद किशोर संस्थान की बैठक स्थानीय होटल वीर प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सत्येंद्र प्रसाद साहू ने किया। बैठक में छठ महापर्व के दौरान देवनद तट स्थित छठ घाट पर वर्षों के लिए हर संभव सुविधा को दुरुस्त करने, प्रकाश का प्रबंधन करने, ध्वनि विस्तारक यंत्र लगाने समेत कई निर्णय लिए गए साथ ही श्रीरामनवमी व प्रकृति परब सरहुल के मौके पर निकलने वाले जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। मौके पर अधिवक्ता लाल प्रदीप नाथ शाहदेव उर्फ चुन्नू बाबू, राजेश चंद्र पांडेय, संतोष प्रसाद साहू, नरेश प्रसाद, दिनेश प्रसाद, सुबोध जायसवाल, महेंद्र प्रसाद साहू, राजकुमार साहू, राजकुमार गुप्ता भोला, विनय विद्यार्थी, कृष्णा चंद्र पांडेय, रमेश प्रसाद, निर्मल भारती, विजय कुमार दुबे, गणेश पासवान, सुधीर प्रसाद, राजकुमार साहू, दीपक कुमार, विष्णु कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## मनीष सिसोदिया की कस्टडी 14 दिन बढ़ी

**नयी दिल्ली।** शराब नीति केस में दिल्ली कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की कस्टडी 14 दिन बढ़ा दी है। कस्टडी सीबीआई के केस में बढ़ाई गई है। सिसोदिया अभी इसी केस में 22 मार्च तक ईडी की कस्टडी में हैं। सीबीआई और ईडी दोनों ही शराब नीति केस की जांच कर रही हैं। ईडी ने सोमवार को उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया। स्पेशल जज एमके नागपाल ने 3 अप्रैल तक कस्टडी बढ़ाने के बाद कहा कि सिसोदिया की जमानत पर सुनवाई 21 मार्च यानी मंगलवार को होगी। ईडी ने कोर्ट में कहा था कि एलजी ने जब इस मामले की शिकायत की तो सिसोदिया ने अपना फोन बदल दिया था, लेकिन एजेंसी ने उनके मोबाइल डेटा को फिर से निकाल लिया है। अब एजेंसी उनके ईमेल और मोबाइल फोन से निकाले गए डेटा का एनालिसिस कर रही है।

## कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा के तीनों केस लखनऊ ट्रांसफर

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ विवादित बयान देने वाले कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट ने सोमवार को खेड़ा के खिलाफ दर्ज तीन केस लखनऊ ट्रांसफर करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा उन्हें 10 अप्रैल तक गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा दी है। इस दौरान पवन खेड़ा नियमित जमानत के लिए आवेदन कर सकेंगे। यानी उन्हें पुलिस गिरफ्तार नहीं करेगी। पवन खेड़ा पर यूपी-असम में पीएम मोदी पर विवादित बयान पर 3 एफआईआर दर्ज की गई हैं।

## यूएस में इंडियन कॉन्स्यूलेट पर हमला, दिल्ली में प्रदर्शन

**लंदन/नयी दिल्ली।** लंदन में भारतीय हाई कमीशन में तोड़फोड़ की घटना का विरोध सोमवार को नयी दिल्ली में किया गया। लंदन में खालिस्तान समर्थकों ने हाई कमीशन का तिरंगा उतार दिया था। नयी दिल्ली में बड़ी तादाद में सिख ब्रिटिश हाई कमीशन के बाहर जुटे और खालिस्तानियों की हरकत का विरोध किया। उधर, अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में इंडियन कॉन्स्यूलेट पर हमला किया गया। नई दिल्ली में ब्रिटिश हाई कमीशन के बाहर सिखों ने खालिस्तानियों के खिलाफ बैनर-पोस्टर लहराए और नारेबाजी की। कहा- भारत हमारा स्वाभिमान है। इन सिखों के मुताबिक- तिरंगे का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## कर्नाटक चुनाव : आप ने 80 कैंडिडेट्स की सूची जारी की

**नयी दिल्ली।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए आप आदमी पार्टी ने 80 कैंडिडेट्स की लिस्ट जारी की है। पहली सूची में सुप्रीम कोर्ट के वकील बृजेश कलप्पा (चिकपेट), बेंगलुरु महानगर पालिक के पूर्व अधिकारी के मथाई (शांति नगर), बीटी नागन्ना (राजाजीनगर), मोहन दसारी (सी वी रमन नगर), शांतला दामले (महालक्ष्मी) और अजय गौड़ा (पद्मनाभनगर) शामिल हैं। वहीं, कांग्रेसी नेता सिद्धारमैया ने कहा कि राज्य चुनाव को लेकर पार्टी कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट 22 मार्च को जारी करेगी। उम्मीदवारों की पहली लिस्ट में कांग्रेस के 125 नाम शामिल होने की उम्मीद है। चीफ इलेक्शन कमिश्नर ने बताया कि कर्नाटक विधानसभा का कार्यकाल 24 मई, 2023 तक है, उससे पहले ही राज्य में विधानसभा चुनाव होंगे।

## राम सेतु को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने की मांग

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट राम सेतु को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने के लिए सरकार को निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। यह याचिका भाजपा के पूर्व सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने दायर की है। स्वामी ने कहा था सरकार ने अभी तक इस मसले पर कोई फैसला नहीं लिया है। वह 9 साल से इसे टाल रही है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की बेंच ने कहा कि हम इस पर जल्द सुनवाई करेंगे।

### जापानी पीएम के साथ पीएम मोदी का साझा प्रेस कांफ्रेंस

# हमारी साझेदारी अंतरराष्ट्रीय कानून के प्रति सम्मान पर आधारित : मोदी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा दो दिन के दौरे पर नई दिल्ली पहुंच चुके हैं। जहां उन्होंने हैदराबाद हाउस में पीएम मोदी के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। वार्ता के बाद साझा प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज जापानी प्रधान मंत्री फुमियो किशिदा ने मुझे जी-7 नेताओं के शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया जो मई में हिरोशिमा में आयोजित किया जाएगा। मैं इसके लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं। मैं जापानी पीएम फूमियो किशिदा का भारत में स्वागत करता हूं। पिछले एक साल में, पीएम फुमियो किशिदा और मैं कई बार मिले हैं और हर बार मैंने भारत-जापान द्विपक्षीय संबंधों के प्रति उनकी सकारात्मकता और प्रतिबद्धता को



महसूस किया है। उनकी आज की यात्रा इस गति को बनाए रखने के लिए फायदेमंद होगी।

**मोदी बोले- जी-20 की प्राथमिकताओं से कराया अवगत**

पीएम ने आगे कहा कि मैंने प्रधानमंत्री किशिदा को हमारे जी-20 अध्यक्षता की प्राथमिकताओं के बारे में विस्तार से बताया। ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं को आवाज देना प्रेसीडेंसी का एक महत्वपूर्ण आभार है। वसुधैव कुटुम्बकम में विश्वास रखने वाली संस्कृति, सभी को एक साथ लाकर आगे बढ़ने में विश्वास करती है। इसलिए हमने यह पहल की है। भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी हमारे आपसी लोकतांत्रिक मूल्यों और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कानून के शासन के प्रति सम्मान पर आधारित है।

**किशिदा बोले- उर्जा पर काम करना जारी रखेंगे**

जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने प्रेस प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि मैंने पीएम मोदी को जी-7 हिरोशिमा शिखर सम्मेलन में औपचारिक रूप से आमंत्रित किया और मौके पर ही मेरा निमंत्रण तुरंत स्वीकार कर लिया गया। जापानी पीएम ने आगे कहा कि हम डीकार्बोनाईजेशन और ऊर्जा पर काम करना जारी रखेंगे। 2023 पर्यटन के माध्यम से हमारे आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए जापान-भारत पर्यटन आदान-प्रदान का वर्ष होगा। भारत के साथ हमारा आर्थिक सहयोग जो तेजी से बढ़ रहा है, न केवल भारत के आगे विकास का समर्थन करेगा बल्कि जापान के लिए महत्वपूर्ण आर्थिक अवसर भी पैदा करेगा। इस संबंध में, हम स्वागत करते हैं कि 5 ट्रिलियन येन को साकार करने की दिशा में निरंतर प्रगति की जा रही है।

## ओआरओपी एरियर का जल्द भुगतान करे सरकार : एससी

### सीजेआई डीवाई चंद्रचुड़ ने केंद्र का सीलबंद जवाब लौटाया

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार को वन रैंक वन पेंशन के तहत एरियर यानी बकाया राशि का भुगतान करने के लिए निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने बकाये के भुगतान पर बंद लिफाफे में दी गई केंद्र सरकार का नोट स्वीकार करने से मना कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इस नोट को दूसरे पक्ष यानी रिटायर्ड सैनिकों के वकील के साथ भी शेयर करना होगा।

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की बेंच ओआरओपी के तहत एरियर्स के बकाया भुगतान के लिए इंडियन एक्स-सर्विसमेन



मूवमेंट की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। बेंच ने कहा, 'हमें सुप्रीम कोर्ट में इस बंद लिफाफे वाले चलन को बंद करना होगा। ये मूलरूप से निष्पक्ष न्याय प्रक्रिया की व्यवस्था के खिलाफ हैं।' एजेंसी के मुताबिक सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, 'मैं निजी तौर पर बंद लिफाफों के चलन के खिलाफ हूं। कोर्ट में पारदर्शिता होनी चाहिए। ये आदेशों को लागू करने के बारे में हैं। इसमें गोपनीय क्या हो सकता है।'

## जयपुर में डॉक्टर्स को पुलिस ने पीटा, कपड़े फाड़े

**जयपुर।** राज्य सरकार के 'राइट टू हेल्थ' बिल का विरोध कर रहे डॉक्टर्स को जयपुर में पुलिस ने जमकर पीटा। विधानसभा का घेराव करने निकले डॉक्टर्स को पुलिस ने पहले तो रोकने की कोशिश की। डॉक्टर्स बेकाबू हुए तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। कई प्रदर्शनकारियों के कपड़े तक फाड़ दिए। इसमें कई डॉक्टर्स लहूलुहान हो गए हैं। आरोप है कि पुलिस ने महिला डॉक्टर्स के साथ भी बदसलूकी की है। सोमवार को प्रदेशभर के 2400 से ज्यादा प्राइवेट हॉस्पिटल संचालक सड़कों पर उतरे। सबसे पहले डॉक्टर्स और हॉस्पिटल संचालक जयपुर के एसएमएस हॉस्पिटल परिसर में बने जयपुर मेडिकल एसोसिएशन के सभागार में जुटे। यहां उन्होंने बिल के विरोध में अपना-अपना तर्क रखा।

## कृषि मंत्री से मीटिंग के बाद किसानों की महापंचायत खत्म

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के रामलीला मैदान में सोमवार को संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से बुलाई गई महापंचायत खत्म हो गई है। दोपहर को मोर्चे के 15 सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल ने कृषि भवन में कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर से मुलाकात की। यहां किसानों ने कृषि मंत्री को न्यूनतम समर्थन मूल्य, कर्ज माफी जैसी मांगों का पत्र सौंपा। एसकेएम ने कहा कि अगर सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानीं तो उन्हें फिर आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उधर, एसकेएम ने 30 अप्रैल को दिल्ली में एक और बैठक बुलाई है।

**किसान नेता बोले- कृषि कानून आंदोलन से बड़ा आंदोलन करेंगे**

किसान नेता दर्शन पाल ने महापंचायत में किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि अभी कई मुद्दे हैं, जिनका समाधान निकाला जाना बाकी है। हम 30 अप्रैल को दिल्ली



में एक और बैठक बुलाएंगे। सभी किसान संगठनों से मेरी अपील है कि अपने राज्यों में रैलियां निकालें, पंचायतें करें। दर्शन पाल ने कहा कि हम रोजाना विरोध नहीं करना चाहते हैं, लेकिन हम ऐसा करने के लिए मजबूर हैं। अगर सरकार हमारी मांगें नहीं मानती है तो हम एक और आंदोलन शुरू करेंगे। यह आंदोलन कृषि कानूनों के विरोध में हुए आंदोलन से भी बड़ा होगा। संयुक्त किसान मोर्चा के कार्यकर्ता केंद्र सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि सरकार ने उत्पादन की कुल लागत पर 50% एमएसपी लागू करने का लिखित आश्वासन दिया था।




# राहुल से माफी मांगने पर सत्ता, अडाणी पर जेपीसी की मांग पर विपक्ष अडिग

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** राहुल गांधी की माफी और अडाणी मामले में हंगामे के बाद सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित हो गई। दोपहर बाद फिर शुरू हुई कार्यवाही विपक्षी सांसदों के हंगामे के चलते पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। हालांकि नारेबाजी के बीच लोकसभा की कार्यवाही कुछ देर चली। इससे पहले 13 मार्च को बजट के दूसरे चरण का सत्र शुरू हुआ था। सदन शुक्रवार तक लगभग स्थगित ही रहा। विपक्ष ने अडाणी-हिंडनगर्ब मामले पर



जेपीसी की मांग की। वहीं, सरकार ने राहुल गांधी के बयान पर माफी की मांग को लेकर हंगामा किया।

विपक्षी दलों ने सत्र शुरू होने से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ बैठक की। इसमें सभी नेताओं ने एक सुर में अडाणी मामले की जांच के लिए जेपीसी गठन की मांग को लेकर आवाज उठाने पर सहमति जताई।

**कांग्रेस ने रास में दिया नोटिस**

कार्यवाही शुरू होने से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि अगर आज राहुल गांधी को बोलने का मौका दिया जायेगा तो राहुल गांधी संसद में जवाब देंगे। लेकिन हमें लोकतंत्र में बोलने का मौका नहीं दिया जायेगा तो फिर कैसे चलेगा। कांग्रेस आज भी संसद में अडानी ग्रुप का मुद्दा उठायेगी। मामले की जेपीसी जांच की मांग को लेकर कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने राज्यसभा में नोटिस दिया है।

## पद्मा लक्ष्मी बनी केरल की पहली ट्रांसजेंडर वकील

**तिरुवनंतपुरम।** केरल स्टेट बार काउंसिल में पद्मा लक्ष्मी को पहली ट्रांसजेंडर महिला वकील के रूप में चुना गया है। वह 1500 से ज्यादा ग्रेजुएट में से एक हैं, जिन्होंने रविवार को आयोजित नॉमिनेशन सेरेमनी में राज्य की बार काउंसिल में अपना नाम इनरोल्मेंट कराया। इसके बाद पद्मा को प्रैक्टिस करने के लिए सर्टिफिकेट दे दिया गया। पद्मा ने एनार्कुलम गवर्नमेंट लॉ कॉलेज से ग्रेजुएशन किया हैं। केरल के कानून मंत्री पी राजीव ने पद्मा के इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके करियर में सफलता की कामना की। उन्होंने उम्मीद जताई कि पद्मा की कहानी ट्रांसजेंडर कम्यूनिटी के दूसरे लोगों को भी वकालत करने के लिए इंस्पायर करेगी।

### कर्नाटक के चुनावी रैली में बोले राहुल गांधी

## सरकार आने पर हर ग्रेजुएट को 3 हजार रुपये महीना देंगे


**एजेंसी**

**बेंगलुरु।** राहुल गांधी ने सोमवार को कर्नाटक के बेलगावी में कहा- कर्नाटक सरकार देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है, कुछ भी करवाना हो तो 40% कमीशन देना पड़ता है। ये देश किसी एक का नहीं है, अडाणी का नहीं है। देश गरीबों और किसानों का है। राहुल ने यहां कांग्रेस के युवा क्रांति समागम का शुभारंभ किया। इस मौके पर एक चुनावी रैली में राहुल ने कहा- सरकार आने पर रउ रिजर्वेशन को 15 से बढ़ाकर 17% करेंगे। एसटी



रिजर्वेशन को 3 से बढ़ाकर 7% करेंगे और तीन साल तक हर ग्रेजुएट को 3 हजार रुपये हर महीने दिए जाएंगे।

बता दें कि मई में कर्नाटक विधानसभा का चुनाव होना है। राहुल ने कहा- मैं जब भारत जोड़ो यात्रा के दौरान यहां से गुजर रहा था तो मुझे बताया गया कि कर्नाटक की सरकार युवाओं को रोजगार नहीं दे पा रही है। इस प्रदेश में युवाओं को रोजगार नहीं मिल सकता, चाहे कोई भी डिग्री ले लो, यहां कोई काम कमीशन के बिना नहीं होता।



स्पीड न्यूज

## बीडीओ ने जनवितरण प्रणाली विक्रेता संग किया समीक्षात्मक बैठक

**दुमका।** डीसी निदेशानुसार सदर प्रखंड दुमका के सभागार में बीडीओ -सह-एमओ राजेश कुमार सिन्हा ने सदर प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओ के साथ समीक्षा बैठक किया। समीक्षा बैठक में जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को दो दिनों के अन्दर निगरानी समिति का गठन करने का निर्देश दिया गया। अभी तक लगभग 1000 लाभुकों का आधार सीडिंग ऑनलाईन अपडेट एवं लगभग 3500 लाभुकों का आधार सीडिंग ऑफलाईन अपडेट करने के लिए जिला आपूर्ति कार्यालय को भेजा गया है। शेष लाभुकों का भी आधार सीडिंग 31 मार्च तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है।

## संस्था ने जागरूकता रैली निकाली

**जामा।** प्रखंड के ढोडली पंचायत के हरिनगोहाल गांव में सोमवार प्रखंड स्तरीय सामिजिक सहायता समूह के सदस्यो और सिनी संस्था द्वारा किशोर किशोरियों के संयुक्त सहयोग से जलवायु परिवर्तन और उसके दुष्परिणाम के ऊपर जागरूकता रैली निकाली गई।रैली के माध्यम से ग्रामीणों को पानी बचाव, पेड़ पौधे लगाव,प्लास्टिक का कम उपयोग, खेतो मे रसायनिक के बदले जैविक खाद को बढ़ावा देने जैसे मुद्दे पर स्लोगन के साथ तख्ती पर प्रदर्शन करते हुए जागरूकता रैली निकाली गई और ग्रामीणों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक सदस्यता समूह के सदस्य,किशोर किशोरी और सीनी के कर्मियों ने भाग लिए।

## कांग्रेसियों ने फूंका केंद्र सरकार का पुतला

**दुमका।** केंद्र सरकार का जिला कांग्रेस इकाई ने पुतला सोमवार को टीन बाजार चौक पर फूंका। पुतला दहन कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष महेशराम चंद्रवंशी ने किया। पुतला दहन कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को केंद्र सरकार के इशारे पर पिछले दिल्ली पुलिस के काम करने का आरोप लगा किया। भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा राहुल गांधी के समक्ष अपनी पीड़ा को बताया गया। इसी को लेकर दिल्ली पुलिस राहुल गांधी को नोटिस भेज कर महिलाओं द्वारा साझा किया गया पीड़ा को सार्वजनिक करने का आरोप लगया। दिल्ली पुलिस पर केंद्र सरकार के मुखिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह के दबाव मे नोटिस जारी करने का कांग्रेस ने आरोप लगा। इसके विरोध में देश व्यापी कार्यक्रम के तहत पूतला दहन किया गया।

## 30 ओटो पर परिवहन विभाग ने चिपकाया नोटिस

**हंसडीहा।** थाना के हंसडीहा चौक में ऑटो के चालको एवं मालिको के बीच ऑटो के लिए परमिट लेने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। जांच अभियान उप परिवहन आयुक्त -सह- सचिव, संताल परगना क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार जुगनू मिंज के द्वारा चलाया गया। अभियान के दौरान हंसडीहा चौक में 30 ऑटो पर नोटिस का चस्पा गया। नोटिस की एक प्रति ऑटो के चालक एवं स्वामी और एक प्रति थाना प्रभारी, हंसडीहा को दिया गया। नोटिस के अनुसार वाहन स्वामी एवं चालक को जल्द परमिट लेने के संबंध में सूचना दी गयी। ऑटो चालक एवं स्वामी को दो सप्ताह का परमिट लेने का निर्देश दिया है। अन्यथा नियमानुसार ऑटो जब्त करने की कार्रवाई की चेतावनी दी है। इस अवसर पर कर्मी मुकेश कुमार, सुनील कुमार पांडेय एवं हंसडीहा पुलिस मौजूद थे।

## यात्री बस को टेलर ने मारी टक्कर, 14 घायल, एक रेफर

**गोपीकांदर।** थाना क्षेत्र के गोपीकांदर बजरंगबली मंदिर के पास दुमका-पाकुड़ मुख्य मार्ग पर बस, ट्रैलर और हाइवा के बीच हुए दुर्घटना में 14 यात्री घायल हुए है। बस की केबिन में बैठी महिलाओं के सिर में चोट आई है। जबकि शरीर के विभिन्न पार्ट में अंदरूनी चोट है। कई पुरुषों को भी सिर में चोट आई है। बस चालक सुरक्षित है। जबकि खलासी के दाहीने हाथ और अंदरूनी चोट आई है। हाइवा चालक और ट्रैलर का चालक पूरी तरह सुरक्षित है।

# एसकेएमयू का दीक्षांत समारोह की तैयारी जोरो पर, वीआईपी मुवमेंट को लेकर की चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



कन्वेंशन सेंटर में उपस्थित कुलपति व छात्र-छात्राएं

**दुमका।** सिदो कान्हू मूर्मू विश्वविद्यालय संताल परगना प्रमंडल क्षेत्र का एकमात्र विश्वविद्यालय है। जिसमें दुमका सहित देवघर, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ एवं साहिबगंज सहित उत्तरी झारखंड के कई कॉलेज एवं शिक्षण संस्थान संबद्ध हैं। स्थापना के 31 साल बीत जाने पर भी वार्षिक रूप से आयोजित होने वाला दीक्षांत समारोह मात्र छह बार संपन्न हो चुकी है। सातवां दीक्षांत समारोह 23 मार्च को होगी। जिसमें राज्यपाल सह कुलाधिपति सत्र 2022 के विश्वविद्यालय टॉपर को स्वर्ण पदक और पीएचडी उपाधि प्राप्त करने वालों को प्रमाण पत्र प्रदान करेंगे। वर्ष 1992 में स्थापित इस विश्वविद्यालय का पहला दीक्षांत समारोह 2008 मार्च में हुआ। उस समय के तत्कालीन कुलपति प्रो विक्टर तिग्गा, कुलसचिव डॉ रघुनन्दन राम, परीक्षा नियंत्रक डॉ सी के सिंह थे। राज्यपाल सिब्ते रजी ने छात्रों को मेडल प्रदान किया था। कुलपति प्रो बशीर अहमद के कार्यकाल में पहली बार तीन साल तक लगातार दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। उन्होंने पहला दीक्षांत समारोह 2011 में करवाया। जिसमें मुख्य अतिथि वित्त मंत्री प्रणव मुखर्जी और राज्यपाल एम ओ एच फारूख थे। कुलसचिव डॉ शमशादउल्लाह और परीक्षा नियंत्रक डॉ पीके राय थे। दूसरा दीक्षांत समारोह 2012 में आयोजित हुआ। जिसमें राज्यपाल सैयद अहमद ने शिरकत किये। वर्ष 2013 में आयोजित तीसरे दीक्षांत समारोह में बतौर राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने छात्रों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। राज्यपाल के रूप में सैयद अहमद शामिल हुए थे। विश्वविद्यालय का पांचवा दीक्षांत समारोह कुलपति प्रो कमर अहसन के कार्यकाल में हुआ। जिसमें आज के वर्तमान राष्ट्रपति और तत्कालीन राज्यपाल द्रौपदी ने छात्रों को मेडल प्रदान किया था। जिसमें डॉ पीके घोष कुलसचिव और आज के कुलसचिव डॉ संजय कुमार सिन्हा परीक्षा नियंत्रक थे। वर्तमान कुलपति प्रो सोना झरिया मिंज ने करोनाकाल की विषम परिस्थियों के बावजूद विश्वविद्यालय का छठा दीक्षांत समारोह 2022 में आयोजित करवाई। जिसमें राज्यपाल सह कुलाधिपति रमेश वैश ने छात्रों को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवधि में कुलसचिव डॉ संजय कुमार सिन्हा और परीक्षा नियंत्रक डॉ अनिल कुमार वर्मा थे। अब सातवें दीक्षांत समारोह की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। कुलपति प्रो सोना झरिया मिंज और प्रतिकुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने विश्वविद्यालय पदाधिकारियों के साथ एग्रो पार्क स्थित कन्वेंशन सेंटर का निरिक्षण किया। जहां 23 मार्च को दीक्षांत होना है। विश्वविद्यालय प्रशासन इस बात पर चर्चा की गई की वीआईपी मूवमेंट किधर से होगा और अतिथियों के बैठने का क्रम क्या होगा। मैडल पाने वाले छात्र छात्रा कहां बैठेंगे और मीडिया के बैठने के लिए कौन सा स्थान होगा। कार पार्किंग की क्या व्यवस्था होगी। तमाम तरह की छोटी से छोटी बातों का ख्याल रखते हुए सारा इंतजाम त्रुटि रहित करने का प्रयास विश्वविद्यालय प्रशासन कर रही है। 22 मार्च को कन्वेंशन सेंटर में छात्र छात्राओं को अंग वस्त्र, परिचय पत्र एवं उनके बैठने का सीट नंबर दिया जाएगा।

## यक्ष्मा दिवस पर एसपी महिला कॉलेज में छात्राओं के बीच प्रतियोगिता का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** यक्ष्मा दिवस के अवसर पर एसपी महिला कॉलेज में टी बी रोग से बचाव को लेकर छात्राओं के बीच चित्रांकन एवं प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का रविवार को आयोजन हुआ। प्रतियोगिता जिला यक्ष्मा केंद्र दुमका के तत्वाधान में आयोजित हुई। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्राओं के बीच टीबी बीमारी की भ्रांतियां, जानकारियां एवं निदान के प्रति जागरूक करना था। जिला यक्ष्मा केंद्र के कार्यक्रम पदाधिकारी पिनाकी रंजन टीबी बीमारी के लक्षण, उपचार एवं बचाव की जानकारी देते हुए आस-पास के लोगों को जागरूक करने का अपील किया। प्राचार्य डॉ रीना नीलीमा लकड़ा ने छात्रों से टीबी मुक्त अभियान में सहयोग की अपील की। सरकार की ओर से अस्पतालों में मुफ्त



कार्यशाला में शामिल छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक

इलाज होने और बीमारी से नहीं डरने के लिए जागरूक किया। प्रो ज्योत्सना बा ने टीबी बीमारी से डरे नहीं और समुचित इलाज से निरोग होने के लिए जागरूक होना आवश्यक बताया। चित्रांकन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शाल्या फरहत, दूसरे स्थान पर रीया कुमार एवं तीसरे स्थान पर सीमा साहा रही। विजेता प्रतिभागियों को जिला यक्ष्मा केंद्र की ओर से सम्मानित किया गया।

## साईबर अपराध से बचाव के लिए मसलिया पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मसलिया।** एससपी के निर्देश पर मसलिया पुलिस जागरूकता अभियान चला रही है। आए दिन जागरूकता के अभाव में हो रहे अपराधों से बचाव के लिए ग्रामीण इलाका में लोगों को सड़क सुरक्षा, साईबर अपराध जैसे अपराधों के बचाव को लेकर स्कूल और संस्था के माध्यम से जागरूक कर रही है। सोमवार को थाना क्षेत्र के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र सुगापहड़ी गांव में साइबर अपराध से बचाव को लेकर ग्रामीणों के बीच मसलिया पुलिस जागरूकता अभियान चलाया गया। भाषा ट्रेंलेटर के माध्यम से मसलिया पुलिस संताली, खोरठा आदि भाषा के माध्यम से लोगों को जागरूकत किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी ईश्वर दयाल मुंडा ने बताया कि लगातार हो रहे साईबर अपराध से बचाव के लिए फर्जी कॉल के माध्यम से लोन देने के नाम पर, केवाईसी अपडेट के नाम पर जो पैसे ठगी हो रहे है। उसके रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। ऐसे फर्जी कॉल से बचने की सलाह दी जा रही है।

## विद्युत विभाग की छापेमारी में 27 लोग चोरी की बिजली उपयोग करते पाये गये

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के निर्देश पर विद्युत विभाग ने सोनुवा प्रखंड के विभिन्न गांवों में बिजली चोरी के रोकथाम को लेकर छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान 27 लोग बिजली चोरी करते पाये गये। दोषी व्यक्तियों के खिलाफ विभाग ने विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसके अलावा दोषियों पर लगभग 2.60 लाख रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। जानकारी के अनुसार सहायक अभियंता कफील अंसारी के नेतृत्व में चलाए गए छापेमारी अभियान में कनीय अभियंता अजय हंस, बादल प्रकाश, सोनू प्रसाद, शालोम जार्ज टोप्पो, अनुज कुमार श्रीवास्तव, महेश कुमार साव आदि शामिल रहे। अभियान में टोंटोसाई गांव के लाल सिंह देवगम, सिद्धु देवगम, प्रिंक देवगम, सुरेंद्र तांती, जीवन मुंडारी, सेगईसाई गांव के पियोन सिंह मुंडारी, बागुन मुंडारी, अभिराम मुंडारी, हुरी गागराई, अभय सोय, तुरा चंद्र मुंडारी, राजेश कुमार मुंडारी, सुरेश मुंडारी, सुरेश मुंडारी, लक्ष्मी सिंह मुंडारी, उदित मुंडारी, संजय हांसदा, शरद प्रधान, चंद्रशेखर प्रधान, अमृत प्रधान, फिरोज प्रधान व उपेंद्र प्रधान के खिलाफ जुमार्ना और प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## संदिग्ध परिस्थिति में पेड़ से लटकता मिला किशोर का शव, हत्या की आशंका

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### कराईकेला थाना क्षेत्र के रांसीसाई गांव का है मामला, चाचा ने बताया परिवार में चल रहा है भूमि विवाद

**चक्रधरपुर।** कराईकेला थाना क्षेत्र के रांसीसाई गांव से एक 15 वर्षीय किशोर का शव संदिग्ध परिस्थिति में पेड़ से लटकता पाया गया है। मृतक रमेश बोदरा मध्य विद्यालय हुड़ांगदा के सातवीं का छात्र है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से मामले की गंभीरता से जांच की मांग की है। जानकारी के अनुसार रविवार की शाम रमेश बोदरा को उसके दादा ने पैसे देकर मीट लाने के लिए कहा। रमेश घर से साईकिल लेकर निकला, लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटा। सुबह परिजनों को जानकारी मिली कि रमेश का शव गांव के पास एक पेड़ पर लटक रहा है। मामले की सूचना कराईकेला पुलिस की दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को पेड़ से उतार पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद भाजपा नेता सह पूर्व विधायक शशिभूषण सामाड, पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डाक्टर विजय सिंह गागराई, मुखिया कुश पुरती, राजेश गागराई आदि लोग पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली। मृतक के चाचा केदारनाथ बोदरा ने बताया कि रमेश आत्महत्या नहीं कर सकता। उन्होंने बताया कि गांव में जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। रमेश के पिता कृष्ण चंद्र बोदरा का की मौत दो वर्ष पूर्व ही हो गई है। रमेश अपनी मां जमुना बोदरा के साथ रहता है। डाक्टर विजय सिंह गागराई ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस से हत्या के एंगल से भी जांच करने की मांग की है।

## कांग्रेसियों ने फूंका अमित शाह का पुतला

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चाईबासा।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निदेर्शानुसार सोमवार को जिला कांग्रेस कमिटी, प०सिंहभूम के तत्वावधान में शाम को जिला मुख्यालय स्थित शहीद पार्क चौक चाईबासा में मोदी सरकार एवं दिल्ली पुलिस द्वारा की गई इस शर्मनाक घटना के विरोध में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के आवास पर पहुंचकर दिल्ली पुलिस की ओर से दिए गए नोटिस को कांग्रेसियों ने राजनीतिक प्रतिशोध का एक नया माध्यम बताया है। कांग्रेसियों ने कहा कि केन्द्र सरकार अडानी मुद्दे से ध्यान हटाने के लिए इस तरह के हथकंडे अपना रही है। कांग्रेसियों ने कहा कि विपक्ष की 16 राजनीतिक दल एकमत होकर अडानी मुद्दे पर जेपीसी की जांच चाह रही हैं। केन्द्र सरकार को यह मांग माननी ही होगी। जब से राहुल गांधी ने संसद में इस संबंध में भाषण दिया है तब से केन्द्र सरकार किसी ना किसी बहाने से राहुल गांधी के खिलाफ अभियान चला रही है। पहले उनके लंदन में दिए बयान को गलत तरीके से पेश कर किया गया और अब उनके खिलाफ यह नोटिस जारी किया गया है। विरोध प्रदर्शन करने वालों में कांग्रेस के राज कुमार रजक, त्रिशानु राय, शिवकर बोयपाई, सुनित शर्मा, रंजीत यादव, प्रीतम बांकिरा , कमल लाल राम, लक्ष्मण हासदा, अनूप कर्ण, दिकु सवैयां, मुकेश कुमार, अमन महतो, जानवी कुदादा, सिकुर गोप, सतीश चंद्र कोया, राकेश कुमार सिंह, इम्तियाज खान, मोहित सोनकर, मथुरा देवगम, करण सिंह हेम्ब्रम, महीप कुदादा, सुशील कुमार दास आदि शामिल थे।

## कृषि मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर तीर्थ यात्रियों को किया रवाना

**दुमका।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में जिले से 40 हिन्दू धर्मावलंबियों की जत्था रांची के लिए रवाना किया। बताते चलें कि पहले चरण में जिला के चयनित मुस्लिम धर्मावलंबियों को तीर्थयात्रा के लिए अलग जगहों पर भेजा गया था। दूसरे खेप मे यह सभी तीर्थयात्री अलग अलग प्रखंडों से नियमानुसार चयनित है। जिन्हें विशेष ट्रेन से द्वारका एवं सोमनाथ धाम के दर्शन कराये जाएंगे। इस अवसर पर मंत्री कृषि एवं सहकारिता बादल पत्रलेख ने तीर्थयात्रियों से बातचीत की और शुभकामनाएं दी।

## जिला अंडर-16 टीम के लिए 22 खिलाड़ी किए गए शार्टलिस्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चाईबासा।** झारखण्ड राज्य क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित होनेवाले अंतर जिला अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पश्चिम सिंहभूम की टीम की चयन प्रक्रिया स्थानीय बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर प्रारंभ हुई। इस चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अहतार्धारी खिलाड़ियों का निबंधन 18 मार्च को संपन्न हुआ था जिसमें 45 खिलाड़ियों ने अपना निबंधन कराया था। रविवार 19 मार्च को संपन्न हुए चयन प्रक्रिया में सज्जन शर्मा की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय जूनियर चयन समिति ने जिला क्रिकेट संघ के संयुक्त सचिव ओम प्रकाश गुप्ता की देखरेख में कुल 22 खिलाड़ियों का चयन किया। शॉर्ट लिस्ट किए गए खिलाड़ियों में आदित्य चौहान, दिव्यांशु यादव, देवराज, अनीश कुमार दास , ह्रितिक सेठ, अमित सिंहदेव, साकेत कुमार सिंह, जैनुल हक, अर्चित अगस्तिन कुजूर, सत्यम सिंह, कार्तिक कृष्णा, अमृत कश्यप, सक्षम कुमार, श्लोक वर्मा, शुभम ओझा, रोहित कश्यप, पीयूष त्यागी, अभय सिंह, हरिनारायण सिंह, आदित्य आर्या, ललित सिंह, पारस नाथ राउत शामिल है। जिला क्रिकेट संघ के महासचिव असीम कुमार सिंह ने बताया कि शार्टलिस्ट किए गए सभी खिलाड़ियों का सबसे पहले मेडिकल टेस्ट होगा। मेडिकल टेस्ट पास करने वाले खिलाड़ियों के लिए 22 मार्च से बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर कैंप का आयोजन किया गया है जिसमें जिला स्तरीय कोच एवं पूर्व क्रिकेटर खिलाड़ियों के फिटनेश, क्षेत्ररक्षण, बल्लेबाजी एवं गेंदबाजी के साथ-साथ मानसिक रुप से मजबूत बनाने पर ध्यान देंगे। अगर कोई खिलाड़ी मेडिकल टेस्ट में पास नहीं हो पाता है तो उसकी जगह रिजर्व खिलाड़ी को शामिल कर शेष प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

एक नजर में

## चक्रधरपुर में एक साथ दो दुकानों में इनकम टैक्स का सर्वे, व्यापारियों में हड़कंप

**चक्रधरपुर।** इनकम टैक्स विभाग ने एक साथ दो दुकानों में सर्वे का अभियान चलाया। इससे चक्रधरपुर के व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इनकम टैक्स विभाग रांची, जमशेदपुर और चाईबासा के टीम ने चक्रधरपुर के दो सीमेंट दुकान मुरारी लाल केडिया और आरके स्टील के कमल आजमानी के सीमेंट दुकान में सोमवार को दिन के 10:30 बजे अचानक अधिकारियों का टीम पहुंची। इस दौरान इनकम टैक्स विभाग के अधिकारियों ने पहले गोदाम की पहले जांच पड़ताल की इसके बाद दोनों दुकान के फाइलों की जांच पड़ताल शुरू कर दी। हालांकि इस दौरान किसी भी अधिकारियों ने कुछ भी बोलने से साफ इंकार कर दिया।

## उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं

**रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन, जाति/ आवासीय सहित अन्य प्रमाण पत्र, पेंशन, दिव्यांगों के लिए विभिन्न सुविधाओं, छात्रवृत्ति, भूमि, रोजगार, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## कुजू पुलिस ने रेलवे ट्रैक से किया शव बरामद

**कुजू।** कुज पुलिस ने बरकाकाना भाया गोमो रेलखंड के दिगवार रेलवे ओवरब्रिज के पास बीती रात ट्रेन से कटे युवक का शव बरामद किया। बाद में शव को अंत्यपरीक्षण के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि लाइन टोला निवासी शेखानाथ मिश्रा के 25 वर्षीय पुत्र सचिन मिश्रा बिहार फाउंड्री में नाइट गार्ड का काम करता था। इस बीच रात्रि करीब साढ़े आठ बजे ड्यूटी के लिए घर से निकला और वह ट्रेन से कटकर अपनी जान दे दिया। इस बीच पुलिस की नजर जब शव पर पड़ी तो उन्होंने पॉकेट से निकले आईडी प्रूफ के आधार पर परिजनों से संपर्क करते रहे, पर परिजन के लेटलतीफी के कारण पुलिस ने शव को अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया गया। सोमवार को अंत्यपरीक्षण होने के उपरांत परिजनों द्वारा शव का अंतिम संस्कार स्थानीय श्मशान घाट में कर दिया।

## शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को लाभ पहुंचाना है : प्रदीप चौरसिया

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित बैंक ऑफ इंडिया भुरकुंडा में पतरातू, सयाल व भुरकुंडा शाखा के तत्वावधान में सोमवार को स्थायी लोक अदालत शिविर का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि पीएलए के चेयरमैन प्रदीप चौरसिया, अरूण कुमार गुप्ता, देवउठान बैठा एवं जिले के अग्रणी बैंक प्रबंधक संजीव कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर में लोगों को विभिन्न ऋणों की जानकारी देते हुए सभी इच्छुक ऋणी का कम से कम पैसा लेकर समझौता किया गया। मौके पर पीएलए के चेयरमैन प्रदीप चौरसिया ने कहा कि शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक ग्रामीण लाभुकों को लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर आमजनों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से ऐसे शिविरो का लाभ लेने की अपील की। चेयरमैन श्री चौरसिया ने बताया कि कुल 507 लोगों को नोटिस दिया गया था। जिसमें 57 केस का निष्पादन किया गया। शिविर को सफल बनाने में बैंक प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह, अपून अग्रवाल, शशि कुमार मुंडा, निशांत लकड़ा, अजय कुमार, बैंक मित्र (बीसी) रमेश प्रसाद कुशवाहा, रवि गोस्वामी आदि का विशेष योगदान रहा।

## आपका दिया हुआ रक्त किसी की जान बचा सकता है : आरके अजमेरिया

**बासल (रामगढ़)।** जेएसपी फाऊंडेशन एवं ब्लड बैंक रिम्स रांची तथा झारखंड एड्स नियंत्रण बोर्ड के सयुक्त तत्तावधान में जेएसपी कैंपस, अफिसर्स क्लब में सोमवार को रक्तदान शिविर का अयोजन किया गया। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि आरके अजमेरिया ने सारे ब्लड डोनर्स की सराहना करते हुए कहा की इससे ना सिर्फ जान बचाई जा सकती है बल्कि यह समाज सेवा से जुड़ने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान होता है सबों को इस तरह के शिविरों में रक्तदान करना चाहिए। ताकि अस्पतालों में ब्लड की कमी न रहे, और ससमय इलाजरत मरीजों को ब्लड मिल सके। शिविर में ओपीजे कम्युनिटी कलेज के टीचर्स एवं विद्यार्थियों सहित कुल 74 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जेएसपी फाऊंडेशन पतरातु की डक्टर मंजु मिश्रा, रवि निवास, सुरेन्द्र सिंह, रिम्स के डक्टर चन्द्र भूषण, डक्टर दीपांसु सिंह, सहयोगी स्टाफ , प्रसेन प्रसाद, रत्नेश कुमार की अहम भूमिका रही।

## स्थापना दिवस की तैयारी को ले बरघुटूवा में विस्थापित-प्रभावित ग्रामीणों की हुई बैठक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अम्बेडकर मैदान पीटीपीएस में विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के प्रस्तावित स्थापना दिवस की तैयारी को ले सोमवार को बरघुटूवा एवं मेलानी गांव के विस्थापित-प्रभावित ग्रामीणों की संयुक्त बैठक बरघुटूवा चौक में हुई। इसकी अध्यक्षता असलम इकबाल और संचालन राजेश कुमार महतो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मोर्चा के आदित्य नारायण प्रसाद, कुमेल उरांव तथा अब्दुल क्यूम अंसारी उपस्थित थें। स्थापना दिवस की तैयारियों पर चर्चा करते हुए ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि मोर्चा ही पीवीयूएनएल के विस्थापित-प्रभावितों का पहचान है। स्थापना दिवस में हमारी एकता का महाजुटान होगा। निर्णय लिया गया कि बरघुटूवा और मेलानी के प्रत्येक घर के सभी महिला पुरुष और बच्चे स्थापना दिवस में भाग लेंगे। ढोल-नगाड़ा के साथ तमाम लोग पीटीपीएस अम्बेडकर मैदान पहुंचेंगे। इसकी तैयारी और प्रचार-प्रसार के लिए दीवार लेखन और सभी चौक चौराहों में बैनर-पोस्टर लगाया जाएगा। बैठक में प्रत्येक घर से आर्थिक योगदान के साथ एक-एक पैला चावल इकट्ठा करने का भी निर्णय लिया गया। मौके पर जुगेश महतो, सुरेन्द्र महतो, सुरेश करमाली, समसुल हक, आशिफ रजा, रमीज इकबाल, प्रेम मुण्डा, इकरोज अंसारी, सुरेश पाहन, संजय गंझू, योगेन्द्र मुण्डा, संतोष करमाली, करिमंगल करमाली, जयकिशोर पाहन, अरविंद मुंडा, अमीत करमाली रामवृत, राजेन्द्र, विजय, जलेश महतो, ष्णा महतो, मोहित महतो कमलेश महतो, उमेश महतो सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थें।

## रामनवमी मेला समिति की बैठक

**भदानीनगर (रामगढ़)।** बासल क्षेत्र के लेम दुर्गा मंडप प्रांगण में रविवार को रामनवमी मेला समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता रमेश बेदिया ने किया। बैठक में रामनवमी मेला के कार्यक्रमों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। साथ ही चैती दुर्गा पूजा समिति लेम का पुर्नगठन किया गया। इसमें अध्यक्ष रमेश बेदिया, सचिव महेश बेदिया, उपसचिव रंजीत उरांव, उपाध्यक्ष महेंद्र करमाली, कोषाध्यक्ष शिबू उरांव, उपकोषाध्यक्ष बैजनाथ बेदिया, संगठन मंत्री रविन्द्र बेदिया, उपसंगठन मंत्री आदित्य केरकेट्टा, व्यवस्थापक संजय मुंडा, उप व्यवस्थापक सुनील बेदिया का चयन किया गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में झमेश बेदिया, संजय हजाम, बलकू बेदिया, आदि शामिल हैं। मौके पर दर्जनों लोग मौजूद थें।

## सयाल उत्तरी पंचायत में अंबेडकर समिति की बैठक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सयाल उत्तरी पंचायत भवन में सोमवार को अंबेडकर समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र यादव व संचालन वीरेंद्र पासवान ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 14 अप्रैल को संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीम अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि अंबेडकर भवन सयाल में 1 अप्रैल को पुनः समिति की बैठक होगी। जिसमें कमेटी का गठन किया जाएगा।